卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 290 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦1 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## आपदा पीड़ितों को सीएम ने लगाया भरोसे का मरहम

### टिहरी में बादल फटने से मची तबाही का मुख्यमंत्री ने किया स्थलीय निरीक्षण, अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश





देहरादून(उद संवाददाता)। टिहरी में भिलंगना ब्लॉक के नौताड़ तोक में बादल फटने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। बारिश और भूस्खलन ने यहां भारी तबाही मचाई है। गुरूवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने क्षेत्र में भ्रमण कर प्रभावितों का हाल जाना। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार बादल फटने से बुधवार रात नौताड़ तोक में एक होटल बह गया। जिसमें होटल स्वामी 50 वर्षीय भानु प्रसाद, उनकी पत्नी 45 वर्षीय नीलम देवी व पुत्र 28 वचर्षीय विपिन लापता थे। रेस्क्यू अभियान के दौरान भानु और उनकी पत्नी नीलम का शव घटनास्थल से 100 मीटर दूरी पर बरामद कर लिया गया। लापता युवक विपिन घायल अवस्था में मिला। मलबा मुंह में भर जाने के कारण विपिन को सीने में तकलीफ और सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। रात दो बजे विपिन को पिलखी से एम्स ले जाया गया। सभी आपातकालीन प्रयास और उपचार देने के बावजूद विपिन को बचाया नहीं जा सका। नौताड़ तोक में (शेष पृष्ठ सात पर)

## रोडवेज परिसर में करेंट से महिला समेत दो की मौत

रुड़की(उद संवाददाता)। हरिद्वार के रुड़की में रोडवेज परिसर में टैक्सी स्टैंड के खोखे में करंट से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रुड़की पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार देर रात रुड़की रोडवेज परिसर स्थित टैक्सी स्टैंड के खोखे में करंट आ गया। जिससे वहां पर खड़ी एक महिला और एक पुरुष करंट की चपेट में आने से झुलस गए। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने उन्हे बचाने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। सूचना मिलने के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो महिला की मौत हो चुकी थी। महिला की पहचान 62 वर्षीय सरोज पत्नी भोला निवासी विजय पार्क, देहरादून के रूप में हुई। जबकि करंट से झुलसे पुरुष को पुलिस गंभीर अवस्था में अस्पताल लेकर गयी लेकिन रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान प्रदीप निवासी ग्राम थिथोला, रुड़की के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रुड़की के सिविल अस्पताल भिजवा दिया।

## केदारनाथ में फंसे यात्रियों को हेलीकॉप्टर से किया रेस्क्यू




रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। केदारनाथ पैदल मार्ग पर बादल फटने से मची भारी तबाही के बाद यात्रा को रोक दिया गया है। प्रशासन ने केदारघाटी में हाईअलर्ट जारी किया गया है। केदारनाथ पैदाल मार्गों पर फंसे श्रद्धालुओं का गुरूवार सुबह से रेस्क्यू जारी है। रेस्क्यू के लिए हेलिकॉप्टर की मदद भी ली गयी। बड़ी लिंचोली में एनडीआरएफ, डीडीआरएफ जवान श्रद्धालुओं को निकालने में सुबह से ही जुट गये। केदारनाथ पैदल मार्ग से लेकर गौरीकुंड और सोनप्रयाग लिनचोली में आपदा से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। फंसे यात्रियों को हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया। सड़क और पैदल मार्ग को क्षतिग्रस्त है। वहीं केदारनाथ पैदल मार्ग पर जंगलचट्टी से (शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथ गंभीर रूप से घायल है। उसका उपचार एसटीएच में चल रहा है। बताया जा रहा है कि युवक बीती रात रूद्रपुर में रहने वाले अपने रिश्तेदार के यहां जा रहा था तभी यह हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के अनुसार देवली लोधिया जिला अल्मोड़ा निवासी सूरज लटवाल पुत्र त्रिलोक सिंह लटवाल अपने साथी के साथ (शेष पृष्ठ सात पर)

## पिता और भाई के सामने युवक को नदी में खींच ले गया मगरमच्छ

### नदी के किनारे चारा काट रहा था युवक, रेस्क्यू टीम युवक की तलाश में जुटी



नानकमत्ता(उद संवाददाता)।तड़के अपने भाई व पिता के साथ चारा काटने गए युवक पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया, जब तक पिता और भाई उसको बचाने का प्रयास करते तब तक मगरमच्छ उसको देवहा नदी के अंदर ले गया। युवक पर मगरमच्छ के हमले की सूचना पर पुलिस एवं वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। युवक की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम पर की बरकीडांडी निवासी 16 वर्षीय दलजीत सिंह पुत्र बलकार सिंह की गुरूवार प्रातः अपने पिता दलजीत सिंह और भाई गुरदेव सिंह के साथ जानवरों के लिए चारा काटने के लिए देवहा नदी के पास गया था,।बताया जा रहा है कि वह देवहा नदी के किनारे आसपास चारा काट रहे थे कि तभी नदी से निकले मगरमच्छ ने अचानक दलजीत पर हमला कर दिया। दलजीत सिंह पर हमला देख उसके पिता और भाई ने शोर मचाया लेकिन उससे पहले ही मगरमच्छ दलजीत को गहरे पानी में ले गया। मगरमच्छ के हमले की सूचना युवक के पिता ने गांव व पुलिस वालों को दी। सूचना पर पुलिस व रेस्क्यू टीम वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए, रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक को मगरमच्छ के चंगुल से छुड़ाने का प्रयास किया गया गया। मौके पर गांव वालों की भीड़ जुट गई। समचार लिखने तक युवक का पता नहीं चल पाया था। घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## संदिग्ध हालातों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल की फैक्ट्री में काम करने वाले एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते ट्रांजिट कैम्प में अपने किराये के कमरे में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी आ गये और उनमें कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम बबूरा थाना मिलक जिला रामपुर निवासी 22 वर्षीय विक्की पुत्र महेश अपने भाई अमन के साथ यहां सिडकुल की फैक्ट्री में काम करता था और ट्रांजिट कैम्प शिवनगर में किराये के कमरे में भाई के साथ ही रहता था। बताया जाता है कि गत दिवस अमन सुबह की ड्यूटी पर गया था और विक्की ड्यूटी कर कमरे में वापस लौटा था। दोपहर जब उसका भाई अमन घर वापस आया तो दरवाजा भीतर से बंद मिला। उसने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया लेकिन विक्की ने दरवाजा नहीं खोला। उसने मकान स्वामी को बताया तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने आकर दरवाजा तोड़ा तो भीतर विक्की को फांसी पर लटका हुआ देखा गया। उसने साड़ी से फंदा बनाकर बल्ली (शेष पृष्ठ सात पर)

## लापता बालक सुराग नहीं मिलने पर कोतवाली में गरजे कांग्रेसी

### एक माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुआ था हमजा बेग



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब एक माह पूर्व मोहल्ला आदर्श कालोनी से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए बालक हमजा बेग का अभी तक पता नहीं लगा पाने पर कांग्रेस जनों ने कोतवाली में पुलिस के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर बालक हमजा बेग पुत्र गफ्फार वेग निवासी आदर्श कालोनी को शीघ्र तलाशने की मांग की। रोषित कांग्रेस जनों का कहना था कि बालक हमजा बेग पुत्र गफ्फार वेग निवासी आदर्श कालोनी 2 जुलाई की सायं 7:42 बजे से घर से लापता हो गया था। जिसकी रुद्रपुर कोतवाली में सूचना दर्ज कराई गई है। लेकिन आज तक पुलिस हमजा बेग का कुछ पता नहीं लगा पाई है। पूर्व में बालक के परिवार तथा मोहल्ले वासियों को पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि पुलिस की टीमें बनाकर गायब हमजा बैग को ढूंढ लिया जाएगा। परन्तु अभी तक लापता हमजा बेंग का कुछ पता नहीं चल पाया है। उन्होंने एस पी सिटी मनोज कत्याल को ज्ञापन सौंप कर उनसे अनुरोध किया कि बालक हमजा वेग की तलाश के लिए एसओजी (शेष पृष्ठ सात पर)

## विधायक के करीबी भाजपा नेता को एसएसपी ने पढ़ाया कानून का पाठ,लिखवाया माफीनामा



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री राहत कोष से आये चेक प्रकरण पर दलाली के मामले में एसएसपी के द्वारा की गई कार्रवाई से खुश भाजपाई आज उनके कार्यालय पहुंचे और उनसे मुलाकत करते हुये उन्हे बधाई दी। लेकिन इस दौरान एक भाजपाई को वहां मुंह की खानी पड़ गई। कप्तान की सराहना को आज एसएसपी कार्यालय पहुंचे भाजपा का शिष्टमंडल जब एसएसपी से वार्ता कर वापस आने लगा तो एसएसपी मंजूनाथ टीसी की नजर रूद्रपुर विधायक शिव अरोरा के करीबी भाजपा नेता किरन विर्क की कमर पर पड़ी तो उनका चेहरा गुस्से से लाल हो गया और उन्होंने विर्क को बुलाकर कहा कि आपको पता नही है कि इस कार्यालय में हथियार लेकर आना मना है। इस संदर्भ में कार्यालय परिसर में चेतावनी सूचना बोर्ड भी लगाया गया है। परंतु आप नियमों का उल्लंघन कर अपना लाइसेंसी पिस्टल लेकर इस कार्यालय (शेष पृष्ठ 7 पर)

# राज्य के सभी जिलों में बारिश का अलर्ट

## भारी बारिश और भूस्खलन से दरकी सड़कें, राज्य में 126 मार्ग पर यातायात बाधित, जिलाधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश

देहरादून। मौसम विभाग ने आज राज्य के सभी जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। जबकि तीन जिलों में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। वहीं चार जिलों में ऑरेंज अलर्ट है। भारी बारिश के मद्देनजर खासतौर पर भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार बृहस्पतिवार को नैनीताल, ऊधमसिंहनगर एवं चंपावत जिले में कुछ स्थानों पर भारी से भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान आकाशीय बिजली के चमकने और बारिश के तीव्र से तीव्र दौर होने का अनुमान व्यक्त किया गया है। भारी बारिश के मद्देनजर भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही देहरादून, टिहरी, पौड़ी और हरिद्वार जनपदों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि शेष अन्य जिलों में कहीं- कहीं भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। वहीं देहरादून में बुध वार को अधिकतम तापमान 34.6 और न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश के मद्देनजर एक अगस्त को टिहरी, पौड़ी और देहरादून, बागेश्वर, नैनीताल, उधमसिंह नगर के स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है। कक्षा एक से 12 तक के सभी शैक्षणिक संस्थानों में एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है। भारी बारिश और लगातार हो रहे भूस्खलन से लोगों की मुश्किल और बढ़ी है। मंगलवार को 103 मार्ग थे, वहीं बुधवार को संख्या बढ़कर 126 हो गई है। सबसे अधिक प्रभावित सीमांत पिथौरागढ़ जिला है। यहां पिथौरागढ़-तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग, एक बार्डर रोड और 23 ग्रामीण मोटर मार्ग बंद हैं। रुद्रप्रयाग में 10, बागेश्वर में आठ, टिहरी में 11, चंपावत में दो और टिहरी में 11 मोटर मार्ग बंद है। उत्तरकाशी में तीन राज्य मार्ग और छह ग्रामीण मोटर मार्ग, देहरादून में एक राज्य मार्ग और 17 ग्रामीण मोटर मार्ग बाधित हैं। अल्मोड़ा में एक राज्य मार्ग, एक अन्य जिला मार्ग और एक ग्रामीण मोटर मार्ग, चमोली में एक मुख्य जिला मार्ग और 22 ग्रामीण मोटर मार्ग, ऊधम सिंह नगर में एक मुख्य जिला मार्ग और 22 ग्रामीण मोटर मार्ग बाधित हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की ओर से बुधवार को टिहरी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, चंपावत, नैनीताल, बागेश्वर, हरिद्वार व ऊधम सिंह नगर के जिलाधिकारियों को एक पत्र भेजा गया। इसमें कहा गया है कि कहीं- कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा होने की आशंका है। एक अगस्त को जिला चंपावत, नैनीताल व ऊधमसिंह नगर में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा और कहीं-कहीं वर्षा के अति तीव्र से अत्यंत तीव्र दौरे होने के आसार हैं, जिससे मैदानी क्षेत्रों में जलभराव और पर्वतीय जनपदों में भूस्खलन होने की आशंका है। ऐसे में विशेष सावधानी बरती जाए। सभी चौकी, थाने आपदा संबंधी उपकरणों व वायरलैस सहित अलर्ट पर रहेंगे। संबंधित अवधि में किसी भी अधिकारी का मोबाइल स्वीच ऑफ नहीं रहेगा। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए रेड अलर्ट के चलते एवं आयुक्त गढ़वाल मंडल ने निर्देश दिए हैं कि हरिद्वार और ऋषिकेश में स्थित पंजीकरण केंद्र में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया स्थगित रहेगी। वहीं, जिलाधिकारी यात्रा को लेकर अपने स्तर से निर्णय लेंगे।





## तीन जिलों में रेड अलर्ट और चार जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित, रेस्क्यू टीमें अलर्ट

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश को लेकर सचिव आपदा प्रबंधन से फोन पर वार्ता की और अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों एवं राहत-बचाव कार्यों की जानकारी ली। सीएम धामी के निर्देश पर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ को अलर्ट मोड पर रखा गया है। केदारनाथ धाम की यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। आपदा की दृष्टि से राज्य में जो संवेदनशील क्षेत्र हैं उनकी मॉनिटरिंग सीएम खुद कर रहे हैं। मौसम विभाग ने राज्य के सभी जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। जबकि तीन जिलों में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। वहीं चार जिलों में ऑरेंज अलर्ट है। भारी बारिश के मद्देनजर खासतौर पर भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार बृहस्पतिवार को नैनीताल, ऊधमसिंहनगर एवं चंपावत जिले में कुछ स्थानों पर भारी से भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान आकाशीय बिजली के चमकने और बारिश के तीव्र से तीव्र दौर होने का अनुमान व्यक्त किया गया है। भारी बारिश के मद्देनजर भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही देहरादून, टिहरी, पौड़ी और हरिद्वार जनपदों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि शेष अन्य जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। वहीं देहरादून में बुधवार को अधिकतम तापमान 34.6 और न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## बादल फटने से गौरीकुंड और सोनप्रयाग में होटल लॉज और बाजार खाली कराये

रूद्रप्रयाग। उत्तराखंड में बारिश ने तबाही मचा दी है। बुधवार देर रात केदारनाथ पैदल मार्ग पर जंगलचट्टी से भीमबली के बीच लिंचोली के पास बादल फटने से मंदाकिनी नदी का जलस्तर खतरे के निशाने से ऊपर बह रही है। सुरक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन ने गौरीकुंड और सोनप्रयाग में होटल और लॉज के साथ ही बाजार को खाली करवा दिया है। तप्तकुंड और केदारनाथ पैदल मार्ग को करीब 25 मीटर हिस्सा बह गया है। साथ ही तटवर्ती इलाकों को भी खाली कराया जा रहा है। रुद्रप्रयाग एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि जंगलचट्टी से भीमबली के बीच लिंचोली में तेज बारिश से बादल फटा है, जिससे मंदाकिनी नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। सुरक्षा को देखते हुए करीब 200 यात्रियों को भीमबली जीएमवीएन में रोका गया है। मौके पर बचाव दल तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि पैदल मार्ग पर जगह-जगह पहाड़ी से बोल्डर गिर गए हैं। रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे अधिकांश जगहों पर भूस्खलन व भू-धंसाव होने से अति संवेदनशील हो गया है। यहां पहाड़ी से पत्थर व मलबा गिर रहा है जिससे यहां आवाजाही के दौरान हर समय खतरा बना रहता है। बीते एक माह से आए दिन हाईवे अलग-अलग स्थानों पर बाधित हो रहा है। 76 किमी लंबे हाईवे पर भटवाड़ीसैंण में पहाड़ी से पत्थर गिर रहे हैं। गंगतल, सिल्ली, गिवांला गांव, बांसवाड़ा, कांकड़ागाड़, सेमी-भैंसारी, नारायणकोटी, मैखंडा, डोलिया मंदिर के पास हाईवे भूस्खलन व भू-धंसाव के कारण संवेदनशील बना है। यहां हाईवे पर एक ओर कई जगहों पर चट्टानें लटकी हैं तो दूसरी ओर गहरी खाई के साथ मंदाकिनी नदी बह रही है।

## आपदा प्रबंधन में सरकार पूरी तरह फेल : सुमित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधायक सुमित हृदयेश ने पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि डबल इंजन भाजपा सरकार के राज मे देवभूमि उत्तराखंड



चौतरफा त्राहिमाम कर रहा है। फेल आपदा प्रबंधन से पहाड़ से लेकर तराई तक हाहाकार मची है। ऑल वेदर रोड सिर्फ नाम की ऑल वेदर रह गयी। सड़क मार्गो का हाल प्रदेश की वर्तमान हालात को दर्शा रहा है। लोगो की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। भाजपा राज में बाबा केदारनाथ जी के साथ भी छल किया गया, लगभग 125 करोड़ लागत के सोने के चढ़ावे का कोई अता पता नही, उसको ढूढ़ने के विपरीत भाजपा नेताओं द्वारा तरह तरह की बाते करना ऐसा है जैसे चोर चोर मौसेरे भाई। बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं से जनता त्रस्त है और बेलगाम अफसरशाही ने प्रदेश में खुली लूट मची है। पहाड़ी प्रदेश होने के बाद भी पहाड़ो में स्वास्थ्य सेवाओं का बहुत बुरा हाल है। उचित स्वास्थ्य सेवाओ के अभाव में जनता मरने को लाचार है। सुमित हृदयेश ने कहा कि सरकार के पास विकास का कोई रोड मैप नही है। सरकार द्वारा विकास के नाम पर सिर्फ विनाश किया जा रहा है। अतिक्रमण के नाम पर लोगो को उजाड़ा जा रहा है, पुरानी व्यवस्थाओं को तोड़ा जा रहा है। जिससे आम जनमानस का जीवन दुस्वार होता जा रहा है। सुमित हृदयेश ने कहा कि जाम के नाम पर रोड चौड़ीकरण कर हल्द्वानी शहर को उजाड़ने से बेहतर होता कि हल्द्वानी वासियों को लंबित आईएसबीटी और रिंग रोड की सौगात दी जाती। इससे हल्द्वानी बाजार के एकमात्र सुलभ शौचालय को भी नही तोड़ना पड़ता।सुमित हृदयेश ने कहा कि कमीशन के नाम पर प्रदेश को चौतरफा लूटा जा रहा है। सरकारी कामो की कोई देखरेख नही कोई जवाबदेही नही। सिर्फ और सिर्फ कमीशन पर सबकी निगाहें है। सुमित हृदयेश ने कहा कि हाल में सम्पन्न बद्रीनाथ और मंगलौर विधानसभा उपचुनावों के नतीजों ने भाजपा सरकार को आईना दिखाने का काम किया है और अब निकाय और पंचायत चुनावों में भी यही ट्रेंड देखने को मिलेगा क्योकि जनता जाग चुकी है और भावनाओ से खिलवाड़ से आजिज आ चुकी है। प्रेसवार्ता मे जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष एड. गोविन्द बिष्ट, हरीश मेहता, हेमंत बगडवाल, डॉ मयंक भट्ट, सुहेल सिद्दीकी, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन बिष्ट, जाकिर हुसैन, हेम पांडे, नरेश अग्रवाल, गिरिश पांडे, दीप पाठक, संदीप भैसोडा, हरीश लाल वैध आदि मौजूद रहे।

## नौंवी कक्षा का छात्र सरयू नदी में बहा

### एक अन्य युवक ने नदी में छलांग लगाई

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बुधवार को नगर क्षेत्र में सरयू नदी में एक छात्र और एक युवक अलग अलग स्थान से बह गए।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।वही कठलबाड़ा क्षेत्र से कंट्रीवाइड स्कूल में पड़ने वाला नवी कक्षा का छात्र शुभम कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी कठायतबाड़ा सरयू नदी में गया था, जहाँ वह अचानक सरयू नदी के तेज लहरों की चपेट में आ गया।वही छात्र के सरयू नदी में बहने की सूचना से आसपास सनसनी फैल गई, जिसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम को इसकी सूचना दी गई।वही देर शाम तक बहे छात्र की खोजबीन करने के बाद भी उसका कोई सुराग नही मिल पाया है।एक दूसरी घटना शाम चार बजे करीब पुलिस को नुमाइशखेत के समीप बने नए पुल से एक युवक के नदी में छलांग लगाने की पुलिस को सूचना मिली, वही सूचना के बाद तत्काल एफएसओ गोपाल सिंह रावत ने अपनी टीम के साथ मोर्चा संभाला, और अग्निकुंड के समीप से सरयू नदी में कूदे युवक पंकज कनवाल पुत्र अमर सिंह निवासी सैज को घायल अवस्था मे फायर ब्रिगेड और स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया, जिसके बाद घायल युवक को फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जहां कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।वही एक ही में नगर क्षेत्र में दो घटनाओं से सनसनी फैल गई।

## मानव तस्करी को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

किच्छा(उद संवाददाता)। इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट द्वारा मानव सेवा संस्थान के सहयोग से गुरुद्वारा सभा किच्छा में मानव तस्करी के विरुद्ध विश्व दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रम विभाग, बाल विकास विभाग, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट एवं आईएसडी के संयुक्त तत्वाधान में दीप प्रज्वलित कर किया गया । एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की प्रभारी जीतो कौर ने बताया कि बाल तस्करी का मुख्य कारण शिक्षा की कमी एवं गरीबी है उन्होंने उपस्थित समुदाय से बच्चों की प्रति संवेदनशील होते हुए उन्हें शिक्षा पोषण एवं सही देखभाल की आवश्यकता पर बल देने के लिए प्रेरित किया । हेमा कांडपाल बाल विकास परियोजना अधिकारी, रुद्रपुर ग्रामीण ने बाल विवाह से महिलाओं के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव एवं निम्न पोषण के




बारे में बताते हुए सही उम्र में विवाह के लिए आग्रह किया। दिनेश कटियार,श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि बाल मजदूरी का मुख्य कारण गरीबी है माता-पिता बच्चों को स्कूल भेजने की बजाय दुकानों पर काम करने के लिए प्रेरित करते हैं उन्होंने सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए पहल के बारे में जागरूक करते हुए माता-पिता से अनुरोध किया कि बच्चों से बाल मजदूरी करने के बजाय उन्हें स्कूल भेजें। आईएसडी संस्था के अध्यक्ष डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए मानव तस्करी से संबंधित कानून,जनपद में बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड तथा चाइल्डलाइन द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के बारे में बताया । संस्था की परियोजना निदेशक बिंदुवासिनी ने बताया की मानव तस्कर गिरोह महिलाओं एवं बच्चों की तस्करी से अनैतिक एवं गैरकानूनी कार्यों को अंजाम दिलाते हैं । बच्चों की तस्करी के पश्चात भिक्षावृत्ति , ईंट भट्टों पर काम कराना, देह व्यापार जैसे अनेक नियम विरुद्ध कार्यों को कराते हैं। पूर्व ग्राम प्रधान आजाद नगर राजकुमार, राज नगर की ग्राम प्रधान रानी माली ने संकल्प लिया कि यह अपने क्षेत्र में बाल मजदूरी मानव तस्करी के विरुद्ध कार्य करेंगे।चाइल्ड लाइन से संरक्षण अधिकारी उमा देवी एवं केस वर्कर दीपा मेहरा भी उपस्थित हुए एवं चाइल्ड लाइन की सेवायों के बारे में बताया। इस अवसर पर आईएसडी संस्था के परियोजना समन्वयक मीरा परिहार रईस राणा, सुशीला, रविंद्र कुमार, आशुतोष, बिंद्रा तिवारी आदि उपस्थित हुए । ग्रामीण क्षेत्र से माया, लीलिमा मजूमदार, मीनाक्षी विश्वास , सोना मालिक , सुशीला, रेखा आदि महिलाओं के साथ लगभग डेढ़ सौ महिलाओं ने प्रतिभा किया।

# निर्माण कार्यों के बाद टेण्डर निकालने पर दो टेण्डर निरस्त करने की तैयारी

## विधायक निधि से बनी टाईल्स रोड के भी निकाल दिए टैण्डर

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर पंचायत के टैण्डर में बिना टैण्डर के बनाई सड़कों के टैण्डर डालकर लाखों रूपये की धनराशि निकालने के साथ ही विधायक निधि से बनी टाईल्स रोड के टैण्डर की मंशा पर सवाल उठ रहें है। नगर पंचायत नानकमत्ता द्वारा पिछले माह जून में 14 निर्माण कार्यों के टैण्डर निकाले गए थे, जिसके लिए बकायदा निविदा जारी कर पंजीकृत ठेकेदार की निविदा डालकर में धनराशि निकालने का प्रयास किया गया। लेकिन शासन में शिकायत के बाद सभी टैण्डर की जांच बैंठा दी।, सितारगंज एसडीएम तुषार सैनी व तत्कालीन अधिशासी अधिकारी द्वारा जांच में पता चला कार्यो की आड़ में तीन पुराने कामों का पैसा निकालने का खेल रचा गया, जो कि सामने आ गया। बिना टैण्डर से बनी रोड व नाली का पैसा निकालने की योजना पर पानी फिरने के बाद जांच के घेरें में आए






निकाल दिए गए। खुलासे के बाद नगर पंचायत ने दो टैण्डर को बैक डेट में निरस्त करने की तैयारी कर रहा है, वहीं विधायक निधि से बनी टाईल्स रोड पर टैण्डर निकालने से नगर पंचायत के अधिकारियों टैण्डर जारी कर दिए गए। निविदा में नगर पंचायत ने 14 निर्माण कार्यो में तीन निर्माण कार्य ऐसे टैण्डर डाल दिए, जो कि दो –तीन वर्ष पूर्व बिना टैण्डर के किए गए थे। जिनमें दो निर्माण के टैण्डर वर्ष दिसम्बर 2022 कि कई काम पूर्व में हो चुके थे, जिसकी बकायदा फोटोग्राफी कराकर जांच रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी। इसके बावजूद नगर पंचायत डेढ़ वर्ष बाद पुन: उच्चधिकारियों को गुमराह जून में 14 निर्माण नगर पंचायत अधिकारी व निर्माण जेई ने बचने के लिए दो टैण्डर को बैक डेट में निरस्त करने की तैयारी कर दी है। टैण्डर में धांधली का खुलासा होने के बाद जुलाई माह की तारीख में दो टैण्डर निरस्त करने योजना है।

## तीन निर्माण कार्य को अवशेष दिखाकर धन निकासी का प्रयास

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। नगर पंचायत जिन कार्यो में धांधली करने जा रही थी, उनमें दहला रोड पर छेबी पातशाही से गुरूद्वारा तक सीसी रोड बनाने के लिए टैण्डर निकाले गए। वर्तमान में उस रोड पर विधायक निधि से टाईल्स रोड बनी है, जिसके दो पत्थर विधायक गोपाल राणा के नाम से लगे है, निर्माण लागत 3 लाख व 3 लाख 60 हजार दर्शाई गई है। गुरूद्वारा परिसर में संगत की सेवा से टाईल्स का निर्माण किया गया है। नगर पंचायत के मुताबिक छेबी पातशाही रोड का प्रस्ताव पूर्व में भेजा गया था, लेकिन बाद में विधायक निधि से टाईल्स रोड बना दी गई। अब कुछ हिस्सा बचा है, जिसका टैण्डर निकाला गया। दूसरी रोड सितारगंज रोड टॉवर से लेकर नानकमत्ता अस्पताल तक है, जिस पर नाली व टाईल्स रोड तीन वर्श पूर्व बन चुकी है। दूसरी रोड का वार्ड 2 में टाईल्स रोड का निर्माण टैण्डर जो पूर्व में बन चुकी है।

## डीएम की समीक्षा में जेई पर गिरी थी गाज

नानकमत्ता(उद संवाददात)। नगर पंचायत के डेढ़ वर्ष पूर्व निकाले टैण्डर में धांधली की जांच के बाद जिलाधिकारी की समीक्षा बैंठक में टैण्डर का स्टीमेट बनाने में लापरवाही बरतने वाले सम्बधित जेई को संस्पेड कर उनके मूल विभाग में भेज दिया गया था। लेकिन इसके बाबजूद पुन: जांच में शामिल सड़कों का टैण्डर निकालकर धन निकालने का प्रयास विफल हो गया। सवाल ये है कि नए जेई ने दफ्तर में बैंठकरी स्टीमेट तैयार कर दिया या मौके पर जाकर स्टीमेट बनाने की जरूरत नही समझी।

# पिस्टल तानने के मामले में पिता पुत्र पर केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरेआम दो पत्रकारों पर पिस्टल तानने के मामले में आखिरकार पुलिस ने तीन दिन बाद पंतनगर विश्वविद्यालय बोर्ड आफ मैनेजमेंट समिति के सदस्य विशाल राणा और उसके पुत्र के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा धारा 351 और 352 के तहत दर्ज किया गया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक प्रदीप कोहली को सौंपी गयी है। बता दें सोमवार को नैनीताल रोड पर पेट्रोल पम्प के पास ओवरटेक को लेकर कार सवार दो लोगों ने पत्रकार नरेन्द्र राठौर और सौरभ गंगवार के साथ गाली गलौच करते हुए पिस्टल तान दी थी। मामले में पत्रकार नरेन्द्र राठौर ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कहा था कि वह साथी सौरभ गंगवार के साथ एसएसपी कार्यालय से निकले थे, कुछ ही दूर पैट्रोल पंप के पास कार सवार दो लोगों ने उनके साथ पहले गाली गलौच की विरोध करने पर गाड़ी चला रहे एक व्यक्ति ने कार रोककर पिस्टल तानकर जान से मारने का प्रयास किया,साथी पत्रकार से जब पिस्टल हटाई तो गाड़ी में बैठे दूसरे व्यक्ति ने अपनी पिस्टल निकाल ली। इसकी सूचना पत्रकार नरेन्द्र राठौर ने तत्काल थानाध्यक्ष पंतनगर को दी,तो आरोपी भागने लगे, जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों ने रोकने का प्रयास किया तब तक दोनों आगे निकल गए,वह कुछ दूरी पर गाड़ी खड़ी करके दोनों अपने अपने हाथों में पिस्टल लेकर फिर पत्रकारों को धमकी देने पहुंच गए। इस दौरान कई अन्य पत्रकार व भीड़ मौके पर एकत्र हो गयी। इस दौरान अपने आपको को घिरा देख आरोपी पिस्टल लहराते हुए गाड़ी से फरार हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पिस्टल कब्जे में लेकर पत्रकारों के बयान दर्ज किए थे। घटना के बाद दोनों आरोपियों के करीबी पत्रकारों पर समझौते का दबाव बना रहे थे। रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर दर्जनों पत्रकारों ने बुधवार को एसएसपी कार्यालय पर सांकेतिक विरोध करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी का घेराव कर ज्ञापन सौंपा था। एसएसपी के निर्देश के बाद आखिरकार पुलिस ने पत्रकारों पर पिस्टल तानने वाले पंतनगर विश्वविद्यालय के बोर्ड आफ मैनेजमेंट के सदस्य डा. विशाल राणा और उसके पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच उपनिरीक्षक प्रदीप कोहली को सौंपी गयी है। इधर बताया जाता है कि नामजद डा. विशाल राणा वेटनरी चिकित्सक है और वर्तमान में यूपी में तैनात है।

# षड्यंत्र करियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

## भाजपाइयों ने की चेक प्रकरण मामले में पुलिस कार्रवाई की सराहना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा नेताओं के एक शिष्ट मंडल ने एसएसपी मंजूनाथ टीसी से मुलाकात का चर्चित सहायता चेक प्रकरण में की गई कार्रवाई की सराहना करते हुए मामले के षड्यंत्र कारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। शिष्टमंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष चौक वितरण में रिश्वत मांगने के आरोप में पकड़े गए आरोपी सुरजीत शर्मा एवं जावेद प्रकरण का जिस प्रकार से पुलिस द्वारा दोनो भ्रष्टाचारीयो के खिलाफ तवरित कार्यवाही की गई है, पुलिस विभाग की सराहना करते है। उन्होंने कहा कि उक्त प्रकरण में ऐसा प्रतीत होता है सुरजीत शर्मा एवं जावेद एक मोहरा है इसके पीछे एक बहुत बड़ी साजिश है, साजिश के पीछे एक नेता का हाथ है जिसने सुरजीत शर्मा को आगे करके भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री को बदनाम करने की साजिश की है। क्योकि मुख्य सूत्रध



ार सुरजीत शर्मा एक नेता का राईट हैड है। जिसने षडयंत्र के तहत हमारी सरकार एवं हमारे मुख्यमंत्री को बदनाम करने की कोशिश की। इस प्रकरण में और भी जो लोग इस षडयंत्र में शामिल है उनकी जांच करके उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही किया जाना अति आवश्यक है। इस दौरान विकास शर्मा, सुरेश कोली, वेद ठुकराल,उत्तम दत्ता, राधेश शर्मा, सुनील कोली, सुरेश कोली, सुशील गाबा, केके दास, उपेंद्र चौधरी, किरन विर्क, राजेश जग्गा, मोहित, चड्ढा, सुनील यादव व अनमोल विर्क मौजूद रहे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# हल्द्वानी में 149 वाहनों के चालान, 44 सीज

## परिवहन विभाग ने चलाया ऑटो, टैम्पो व ई–रिक्शा के विरुद्ध चैकिंग अभियान

हल्द्वानी। परिवहन विभाग द्वारा दिनांक 31.07.2024 को मोटरयान अधिनियम 1988 एवं सपतित केन्द्रीय नियमावली 1989 के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन में संचालित ऑटो, टैम्पो एवं ई–रिक्शा के विरुद्ध विभिन्न रूटों पर व्यापक चौकिंग अभियान संचालित करते हुये 82 ऑटो, 20 टैम्पो व 25 ई–रिक्शा एवं 22 अन्य सहित कुल 149 वाहनों के चालान किये गये तथा 44 वाहनों को बंद किया गया। बिना फिटनेस 69 वाहन, बिना टैक्स 76 वाहन, बिना परमिट 25 वाहन, ओवरलोडिंग में 8. बिना बीमा 68, बिना डीएल 48, बिना प्रदूषण 28 वाहनों, 01 नो पार्किंग में वाहन पार्क करने, 12 परमिट से भिन्न मार्ग पर संचालन करने, 02 अनधिकृत अल्ट्रेशन, 03 वाहन संचालन के दौरान मोबाईल पर बात करने के अभियान में चालान किये गये। इसके अतिरिक्त 14 अन्य अभियोगों में वाहनों के चालान किये गये। सभी प्रवर्तन अधिकारियों को निरन्तर ऑटो व अन्य थी व्हीलर वाहनों की सघन चौकिंग करने एवं नियमों के विपरीत संचालित वाहनों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। अभियान में परिवहन विभाग के 01 एआरटीओ, 05 परिवहन कर अधिकारी तथा बाईक स्क्वायड के उप निरीक्षक सम्मिलित थे।

गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध
◆ 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
◆ मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 एवं 3 बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।
-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015

# आवेदनों को निर्धारित समय के भीतर निस्तारित करें: एडीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सेवा का अधिकार अधिनियम की मासिक समीक्षा बैठक ली।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा के अधिकार का मुख्य उद्देश्य पात्र व्यक्ति को सेवा समय से मिले, इसलिए सभी विभागीय अधिकारी अधिनियम में अधिसूचित सेवाओं के तहत प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय के भीतर निस्तारण कर सेवा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि किसी सेवा के अन्य विभाग से भी संबंधित होने पर आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें व उसका निस्तारण समय से करें साथ ही उसकी सूचना जिला कार्यालय को अवश्य उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को चेतावनी देते हुए जननी सुरक्षा योजना के पात्रों के लंबित भुगतान को 15 दिनों के भीतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने स्तर पर भी सेवा के अधिकार अधिनियम में प्राप्त आवेदनों की मासिक समीक्षा करें व उनका निस्तारण करें। उन्होंने 02 तारीख तक सेवा के अधिकार की सूचना जिला कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।बैठक में जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पांडे, कौस्तुभ मिश्र, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, प्रभारी अधिकारी कले0 डॉ. अमृता शर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी के.एस.रावत, पुलिस उपाधीक्षक आरडी मठपाल, जीएम डीआईसी विपिन कुमार, एसीएमओ हरेन्द्र मलिक आदि उपस्थित थे।



# मां को यात्रा कराकर लौट रहे दो भाईयों का स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)।मां को टोकरी में बैठाकर चारधाम यात्रा कराने के बाद अयोध्या जा रहे यूपी के दो भाईयो के किच्छा पहुंचने पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने माला पहनाकर स्वागत कर बधाई दी। बताते चलें कि उत्तरप्रदेश के बदायूं के रहने वाले धीरज और तेजपाल कलयुग के श्रवण कुमार बनकर अपनी मां राजेश्वरी को टोकरी में बैठाकर चारधाम यात्रा कराने लाए हैं। दोनों भाई अपनी 55 वर्षीय मां राजेश्वरी को यमुनोत्री, गंगोत्री,बाबा केदारनाथ एवं बद्रीनाथ की यात्रा कराने के बाद अब अयोध्या के लिए निकले हैं। स्वागत से अभिभूत दोनों भाइयों ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला से बातचीत करते हुए बताया कि 24 वर्षीय धीरज व 18 वर्षीय तेजपाल दोनों भाई पिछले करीब 20–25 वर्षों से हिमाचल प्रदेश की तहसील बद्दी के मंधाला गांव में रहते हैं। जब वह छोटे थे तो बीमारी के चलते उनके पिता भगवान दास की मौत हो गई थी। तेजपाल ने बताया कि वह अपने भाई के साथ पिछले कई वर्षो से हरिद्वार में कांवड़ लेने आते रहे हैं। वहां उन्हें हर साल एक व्यक्ति मिलता था जो



अपनी मां को कंधे पर उठाकर यात्रा करवाता था। उसी से प्रेरणा लेकर वह भी अपने भाई के साथ मिलकर अपनी मां को चारधाम यात्रा करवाने निकले। इस यात्रा का नाम उन्होंने चारधाम श्रवण यात्रा रखा है। बताया कि 18 फरवरी को यात्रा शुरू करने के बाद से उत्तराखंड के चारधाम यात्रा के साथ साथ वह अपनी मां को मनसा देवी, नीलकंठ, वीरभद्र, सुरकंडा माता मंदिर की पैदल यात्रा करवा चुके हैं। एक दिन में वह मां को टोकरी में बैठाकर करीब 15 किमी की दूरी तय कर लेते हैं। रास्ते में कई लोग उन्हें खाना व पानी भी उपलब्ध कराते, उन्होंने बताया कि बस स्टैंड आदि जगह पर ही वह रात गुजार लेते हैं।बताया कि उनकी एक बहन पार्वती भी है। उसने भी उन्हें इस यात्रा के लिए प्रेरित किया था। उनकी मां राजेश्वरी का कहना है कि वह खुशकिस्मत है कि उनके श्रवण कुमार जैसी सेवा करने वाले बेटे हैं। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने दोनों के प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान पीढ़ी को इन दोनों युवाओं से प्रेरणा लेते हुए अपने मां–बाप की सेवा करनी चाहिए इस धरती पर भगवान के रूप में मां–बाप मिले हुए हैं जिनकी सेवा करना हमारा कर्तव्य है।

# बहुद्देशीय शिविर का सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया लाभ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। माननीय उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल से प्राप्त निर्देशों के कम में जिला न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय मिदनापुर, पोस्ट-मजरा आनंद सिंह (चक्की मोड़) तहसील गदरपुर जिला उधम सिंह नगर में एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया।बहुउद्देशीय शिविर में जिला जज सिकन्द कुमार त्यागी द्वारा दीव प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ करते हुए व बहुउद्देशीय शिविर के महत्व तथा लाभ के विषय पर जानकारी प्रदान की गयी और अधिक से अधिक लाभार्थियों को शिविर का लाभ पहुंचाने के लिए समस्त विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देश दिये गये। उक्त बहुउद्देशीय शिविर में जिला जज द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की नालसा (एसिड अटैक के पीड़ितों को विधिक सेवाएं) योजना, 2016 के विषय में भी जानकारी दी गयी। बहुउद्देशीय शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, योगेन्द्र कुमार सागर द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं जैसे-नि:शुल्क विधिक सहायता व महिलाओं के विषयों एवं नालसा (एसिड अटैक के पीड़ितों को विधिक सेवाएं) योजना, 2016 पर जानकारी दी। सचिव द्वारा भारतीय संविधान में प्रावधानित नि:शुल्क विधिक सहायता, महिलाओं व बच्चों आदि के महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी दी गयी, साथ ही विभिन्न अधिकारियों द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, एन्ट्री ड्रग, एंटी ट्रैफिकिंग व नशे के संबंध में चलाई जा रही मुहीम के बारे में, एवं विभिन्न विभागों से संबंधित विभागीय जानकारी प्रदान की गयी।शिविर में उपस्थित व्यक्तियों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से लाभान्वित किया गया और लगभग 423 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में लगभग 500 ज्ञानमाला पुस्तकों का वितरण किया गया। शिविर में एक विकलांगता प्रमाणपत्र जारी किया गया।शिविर का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल मो० मिराज द्वारा किया गया। शिविर में सामाजिक कार्यकर्ता हीरा जंगपांगी, पैनल अधिवक्ता राकेश सुखीजा एवं गदरपुर के समस्त पराविधिक कार्यकर्तागण एवं कार्यालय के वरिष्ठ सहायक द्वारा प्रतिभाग कर, सहयोग प्रदान किया गया।बहुउद्देशीय शिविर के सफल आयोजन हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर योगेन्द्र कुमार सागर द्वारा प्राथमिक विद्यालय मिदनापुर गदरपुर, जिला प्रशासन, तहसील प्रशासन, समस्त विभागों, एन०जी०ओ०, पैनल अधिवक्तागण, पराविधिक कार्यकर्तागण एवं आम जनता का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।इस अवसर पर न्यायिक अधिकारीगण सिविल जज सीनियर डिविजन हेमन्त सिंह राणा, सिविल जज (सीडि) चतुर्थ नदीम अहमद, सिविज जज (सीडि) तृतीय शमा परवीन, सिविल जज रिजवान अंसारी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम विवेक सिह राणा, प्रथम अपर सिविल जज शम्भूनाथ सिह, एस० पी० काईम चन्द्र शेखर घोड़के, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, खण्ड विकास अधिकारी गदरपुर आतिया परवेज खान, तहसीलदार गदरपुर लीना चंद्रा, चिकित्सा अधिकारी एम के तिवारी, उदयशंकर आदि विभागीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।शिविर में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा लगभग 600 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।





# कोचिंग सेंटरों की गहनता से जांच के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में संचालित कोचिंग सेंटरों की गहनता से जांच के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोचिंग सेंटरों में अध्यनरत छात्रों एवं अध्यापकों आदि के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी स्थलीय निरीक्षण किया जाए। उन्होंने इसके लिए प्रदेश व्यापी अभियान चलाने हेतु मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भारी वर्षा के दृष्टिगत जल भराव होने की सम्भावना रहती है। अत: ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की आपदा के त्वरित निराकरण हेतु राज्य में संचालित विभिन्न कोचिंग सेन्टर एवं ऐसे भवन जिनके बेसमेन्ट में विभिन्न प्रकार की मानवीय गतिविधियां संचालित हो रही हैं उसकी तत्परता तथा प्राथमिकता के साथ जाँच कर उनमें सुधारात्मक कार्रवाई की जाए।मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को राज्य में संचालित विभिन्न कोचिंग सेन्टर एवं ऐसे भवन जिनके बेसमेन्ट में विभिन्न प्रकार की मानवीय गतिविधियां संचालित हो रही हैं, की जाँच के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जारी निर्देश में मुख्य सचिव ने कहा है कि उत्तराखण्ड में संचालित विभिन्न कोचिंग सेन्टर एवं ऐसे भवन जिनके बेसमेन्ट में विभिन्न प्रकार की मानवीय गतिविधियां संचालित हो रही हैं, उसकी जॉच भवन उप-नियमों और सुरक्षा सम्बन्धी अन्य मानकों/नियमों के तहत शीर्ष प्राथमिकता के साथ करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों को सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ तत्काल बैठक कर जनपद में सभी कोचिंग सेंटरों के निरीक्षण हेतु एक समिति का गठन कर समिति के माध्यम से वर्णित स्थानों की जांच कराते हुए सभी प्रकार की कमियों का निराकरण सुनिश्चित कराने को कहा है।

# श्रद्धालुओं व पर्यटकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता : सीएम

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी प्रदेश भर में कल रात हुई भारी बारिश के कारण अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों की स्वयं मॉनिटरिंग कर निरंतर जानकारी ले रहें है। मुख्यमंत्री ने बताया कि रेस्क्यू टीमों द्वारा रात भर अभियान चलाकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि रामबाड़ा, भीमबली, जखनियाली व अन्य अधिक प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य संचालित किए जा रहे हैं। प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी बात करके वे स्वयं वस्तुस्थिति की जानकारी ले रहें है। मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन को नुकसान का आंकलन कर त्वरित रूप से कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक प्रदेशवासी और अन्य प्रदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, जिसके लिये हमारी पूरी टीम तत्परता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया है कि मौसम और परिस्थिति की जानकारी लेकर ही यात्रा करें।



# पंतनगर विश्वविद्यालय में फ्रांस के विद्यार्थियों का भ्रमण

पंतनगर (उद संवाददाता)।डेफिया कार्यक्रम के अंतर्गत हर वर्ष पन्तनगर विष्वविद्यालय और फ्रांस के बारह संस्थानों के बीच एक अन्तर्राष्ट्रीय छात्र विनिमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में इस वर्ष विभिन्न संस्थानों से 19 फ्रांसीसी विद्यार्थी एक महीने के लिए पन्तनगर विष्वविद्यालय में रहेंगे। यह विनिमय कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षिक, सांस्कृतिक, भाषा एवं तकनीकी अनुभव के लिए उनके अंतर्राष्ट्रीय अनुभव को बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत अंतर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डा. एच.जे. शिव प्रसाद के स्वागत से हुआ। तदोपरांत फ्रांसीसी विद्यार्थियों ने अपना-अपना परिचय दिया और उनका स्वागत पारम्परिक कुमाऊंनी टोपी, बैग, छाता, पेन, डायरी एवं हैण्डबैग देकर किया गया। इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह द्वारा सभी विद्यार्थियों को विष्वविद्यालय के शैक्षणिक, शोध एवं प्रसार कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया गया। 19 फ्रांसीसी विद्यार्थियों में इप्लेप्पा बौर्ग एन ब्रेस्से संस्थान से पिकार्ड वेंडी एवं डालबार्ड एलिक्स, इप्लेप्पा ऑरिलैक संस्थान से विगुएर वैलेंटाइन, इप्लेप्पा पेरीग्यूक्स से डियॉफ सौडो,एवं मुकीजा ड्रोसा, इप्लेप्पा सीस्ज संस्थान से बाबिन फेलिसी, बेसनार्ड क्लो एवं डेस्क्रोइक्स क्लारा, इप्लेफ्पा पेरपिगनन संस्थान से रैटन लुडिवाइन, इप्लेप्पा पीएयू संस्थान से सुश्री बास्टाइड लौरा,इप्लेप्पा रोडेज संस्थान खोदारा, सैन्सर्नी एलाइन, टूरी-केप लूला,इप्लेप्पा सेंट जिनी लवल संस्थान से डुपुपेट मॉरीन एवं गेलार्ड केमिली,इप्लेप्पा रोडेज संस्थान से एल्डेबर्ट जूल्स, इप्लेप्पा पेरीग्यूक्स से कैमन अरनॉड, इप्लेप्पा सेंट पी सुर निवेल्ले संस्थान से टोरिसिनी कोरेंटिन एवं तुहिरी इवांस उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के अन्तर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डा. एच.जे. शिव प्रसाद ने जानकारी देते बताया कि पंतनगर विश्वविद्यालय में फ्रांस का 19 सदस्यीय विद्यार्थियों का एक दल एक माह शैक्षिक भ्रमण के तहत 26 जुलाई को पहुंच गया है। इस दौरान दल के सदस्य शिक्षा, तकनीकी एवं अंतर सांस्कृतिक गतिविधियों का आदान-प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि पूर्व में हस्ताक्षरित एमओयू के तहत फ्रांस के छात्रों का दल पंतनगर विश्वविद्यालय में शिक्षा एवं अंतर सांस्कृतिक गतिविधियों में कार्य करने के साथ ही भाषाई दृष्टिकोण( अंग्रेजी, हिंदी, फ्रेंच) के माध्यम से व्यक्तिगत ज्ञान का आदान- प्रदान भी करेगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं विश्व विद्यालय के महाविद्यालयों समस्त अधिष्ठाता, निदेशकगण ने भी खुशी जाहिर की। साथ ही डेफिया-2024 समिति सदस्य भी उपस्थित थे।






# चेक पर दलाली प्रकरण बदनाम करने की साजिश: शिव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में चेक प्रकरण को लेकर खुलासा करते हुए कहा कि राहत कोष के चेक में दलाली के लिए जावेद को लगाने वाला मुख्य आरोपी सुरजीत शर्मा हीं था जिसने उसको सब जानकारी दी और लाभार्थी को फोन करवाया। विधायक अरोरा ने कहा निश्चित रूप से उनको जो अंदेशा था कि घटना का सूत्रधार जावेद नहीं उसके पीछे कोई और है, हालांकि जावेद भी उतना हीं आरोपी है जितना उसके पीछे वह व्यक्ति सुरजीत शर्मा था और वह पुलिस के खुलासे में पता लगा कि सुरजीत शर्मा जो पूर्व जनप्रतिनिधि के करीबी हैं जिनका फोटो तहसीलदार कार्यालय के बाहर पूर्व जनप्रतिनिधि के पीछे व साजिशकर्ता खड़ा नजर आ रहा है और सोशल मीडिया में भी सुरजीत शर्मा जिसकी कई फोटो पूर्व जनप्रतिनिधि के साथ हैं। जो दर्शाता है कि वह षड़यंत्रकारी पूर्व जनप्रतिनिधि के कितने करीबी है। विधायक ने कहा कि यह सुनीयोजित सजिश थी वरना एक छोटी सी धनराशि के चैक के बदले आधे से जायदा रिश्वत मांगना समझ के परे है। इसके पीछे सोचा समझा षड़यंत्र था जिसमें सुरजीत शर्मा द्वारा जावेद को आगे करके यह किया गया था। विधायक ने कहा कि अगर इसकी विस्तृत जांच हो तो कई बड़े लोग इसके पीछे बेनकाब होंगे। विधायक ने कहा कि पूर्व जनप्रतिनिधि द्वारा पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाना उनकी छटपटाहट को दर्शाता है, यही नहीं जब पुलिस ने सुरजीत शर्मा को गिरफ्तार किया तो उसको छुड़वाने पूर्व नेता चौकी पहुंच जाते हैं इससे पता लगता है कि ऐसे लोगो को संरक्षण कौन देता है। विधायक शिव अरोरा ने कहा पूर्व जनप्रतिनिधि की मंशा सरकार की कार्य प्रणाली,सरकार की व्यवस्था व जनकल्याण मे लगे प्रदेश के मुख्यमंत्री को बदनाम करना है। विधायक ने कहा कि आर्थिक सहायता के चेक बांटने की प्रकिया इतनी पारदर्शी है कि कोई भी भ्रष्टाचार की संभावना हीं नहीं है। इसमें लाभार्थी को उसका चैक आधार कार्ड देखकर हस्ताक्षर करवा के हीं दिया जाता है। अन्य कोई व्यक्ति इसको किसी भी सूरत में प्राप्त कर हीं नहीं सकता। यह दर्शाता है कि ऐसे गिरोह चलाने वाले कौन हैं। यह पुलिस को गहनता से जांच करनी चाहिए ओर इनके पीछे कौन लोग है इसका भी खुलासा होकर जनता के सामने आना चाहिए। विधायक ने कहा कि भ्रष्टाचारी कोई भी हो उसको बख्शेंगे नहीं। इस दौरान दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, सुरेश कोली, के के दास, वेद ठुकराल, तरुणदत्ता, गुन्नू चौधरी, राजेश जग्गा, किरन विर्क, मयंक कक्कड़, राधेश शर्मा, बिट्टू शर्मा व आदिमौजूद रहे।



# नदी उफान पर आने से घरों में घुसा पानी

रामनगर।ग्राम सांवल्दे में एकाएक नदी उफान पर आ गई जिससे नई बस्ती के ग्रामीणों के घरों में नदी का पानी घुस गया, नदी के पानी घुसने से लगभग 1 दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों के घरों का सामान सिलेंडर,बक्से कपड़े,साइकिल,राशन आदि नदी का उफान अपने साथ बहा ले गया, नदी का पानी इतना उफान पर था कि ग्रामीणों ने भाग कर अपनी व अपने बच्चों की जान बचाई, नदी का पानी ग्रामीणों के घरों के अंदर घुसकर खाने-पीने का सब सामान अपने साथ बहा ले गया,ग्रामीणों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है,साथ ही आज ग्रामीणों ने कहा कि उनके पास अब बच्चों को कुछ खिलाने तक के लिए कुछ नहीं बचा ,बता दें कि यह क्षेत्र में अधिकतर लोग मजदूर रहते हैं जो रोज मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं। वही घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने प्रभावित हुए लोगों से मुलाकात कर हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।



# घटिया खाद्य सामग्री बेचने वालों पर करें कार्यवाही: एडीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने कलेक्ट्रेट सभागार में सुरक्षित भोजन एवं स्वस्थ आहार परजिला स्तरीय सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक ली।अपर जिलाधिकारी ने खाद्य संरक्षा विभाग द्वारा विगत त्रिमासिक कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने आंगनवाड़ी के माध्यम से दिये जाने वाले पोषण आहार की नियमित सैंपलिंग कर जांच करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि मानक के विपरीत बिकने वाले खाद्य/पेय पदार्थों की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जाए। इसके साथ ही दूसरे राज्यों से आने वाले खाद्य पदार्थों की जांच हेतु सीमाओं पर सैंपलिंग व जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि सैंपलिंग की वीडियोग्राफी भी अवश्य करायी जाए। अपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि गत तीन माहों में विभाग द्वारा राजस्व प्राप्ति संतोषजनक नहीं है, उन्होंने इसमें सुधार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य संरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निकायों से समन्वय करें व खुले में अमानक खाद्य/पेय पदार्थों के बिक्री करने वाले दुकानदारों की तहबाजारी न लेने व उनके न लगाए जाने के निर्देश दिए। अभिहीत अधिकारी प्रकाश चंद फुलारा ने न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण हेतु सरकारी वकील की व्यवस्था करने की मांग रखी जिस पर समिति ने संस्तुति करते हुए उच्च अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, जीएम डीआईसी विपिन कुमार, पुलिस उपाधीक्षक आरडी मठपाल, सहायक कृषि अधिकारी अखिलेश चंद्र, एसीएमओ डॉ एसपी सिंह सहित समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे।



# तेज बहाव में बहे रिजवान की तलाश की तेज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शनि बाजार इंदिरा नगर निवासी हसनैन के 8 वर्षीय पुत्र रिजवान के तेज बहाव में बहने के बाद प्रशासन ने खोज अभियान तेज कर दिया है। घटना की जानकारी मिलने के तत्काल बाद मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, तहसीलदार सचिन कुमार और बनभूलपुरा थाना इंचार्ज नीरज भाकुनी, अग्निशमन की टीम सहित पहुंचे और खोजबीन शुरू कर दी गई है। वहीं दूसरी तरफ जिला प्रशासन ने लगातार हो रही मूसलाधार बरसात को देखते हुए लोगो से नदी, नाले, रपटे और नहर से दूर रहने की अपील की है और संवेदनशील इलाके में रह रहे लोगों से सुरक्षित स्थानों में जाने की अपील करते हुए लोगों को सतर्क रहते हुए किसी भी घटना पर जिला प्रशासन और आपदा कंट्रोल रूम में संपर्क करने की अपील की है। उधर लालकुआं क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बरसात को देखते हुए उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा ने तहसीलदार सहित सभी पटवारी को अपने क्षेत्र में बराबर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नदी नाले और गौला नदी, नंधौर नदी के किनारे रह रहे लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने अनावश्यक रूप से संवेदनशील इलाकों में यात्रा न करने की सलाह दी है। भारी बारिश के रेड अलर्ट के चलते सरकारी मशीनरी को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने को कहा है।



# पानी के बिलों को लेकर अधिशासी अभियंता से मिले

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गोजाजाली के दोनों निवर्तमान पार्षदों ने क्षेत्र में पेयजल निगम द्वारा भेजे गए पानी के गलत बिलो को लेकर अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर इसमें सुधार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक पानी के बिल सही नहीं किए जाएंगे तब तक क्षेत्र के उपभोक्ता पानी के बड़े हुए बिल किसी भी कीमत पर जमा नहीं करेंगे। उनका आरोप था कि पेयजल निगम द्वारा



उपभोक्ताओं को पानी के बिल पांच हजार से लेकर तीस हजार तक के भेजे गए है। जिससे जनता में रोष उत्पन हो रहा है।अधिशासी अभियंता ने कहा कि जल्द ही उच्च अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का समाधान किया जायेगा। मिलने वालो में वार्ड 59 के निवर्तमान पार्षद रईस अहमद, वार्ड 60 के मनोज मठपाल व लईक अहमद, रमेश चौहान, जमशेद हुसैन, खालिद भाई आदि लोग मौजूद रहे।

# अमरनाथ सेवा मंडल के शिवभक्त डाक कांवर लेने हरिद्वार रवाना

रुद्रपुर।अमरनाथ सेवा मंडल के शिव भक्त डाक कांवर लेने बम बम भोले की जय घोष के साथ हरिद्वार के लिए रवाना हो गए ।मॉडल कॉलोनी में वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, अमरनाथ सेवा मंडल के संरक्षक सुनील ठुकराल,अध्यक्ष अजय चड्ढा और महामंत्री मन्नू चुघ ने हरी झंडी दिखाकर डाक कांवरियों को हरिद्वार के लिए रवाना किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व विधि विधान से पूजा अर्चना की गई और ढोल नगाड़ों के साथ डाक कांवरियों को रवाना किया गया।भाजपा नेता चुघ ने कहा कि सावन का पवित्र महीना चल रहा है और हजारों लाखों कांवरिया हरिद्वार पहुंच रहे हैं जहां से वह पवित्र गंगा जल लेकर अपने गंतव्य को रवाना होंगे ।उन्होंने कहा उत्तराखंड की सरकार कांवरियों की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है और जगह-जगह कांवरियों का अभिनंदन किया जा रहा है और भोजन की व्यवस्था की जा रही है ।उन्होंने कहा कि सावन का महीना विशेष होता है और ऐसे में पूरी भक्ति और श्रद्धा के साथ कांवरिया गंगाजल लेने हरिद्वार जाते हैं ।उन्होंने रवाना होने वाले सभी डाक कांवरियों को शुभकामनाएं दी। अमरनाथ सेवा मंडल के अध्यक्ष अजय चड्ढा और महामंत्री मन्नू चुघ ने बताया कि प्रतिवर्ष अमरनाथ सेवा मंडल के शिव भक्त डाक कांवर लेने के लिए हरिद्वार जाते हैं और वहां से पवित्र गंगा जल लेकर वापस लौटते हैं। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर विशाल भंडारे और जागरण का आयोजन किया जाएगा।इस दौरान सुरेश छाबड़ा ,चेतन खनिजों, चिराग छाबड़ा,संजीव झाम,शंकर, दुर्गेश ,विक्की हुड़िया, सुंदर सिंह, शंकर सिंह ,ललित कथूरिया, माधव कठेरिया ,अक्षय गंगवार, विनायक छाबड़ा, सचिन तनेजा, सनी अदलखा,राज कोली आदि मौजूद थे।





# ऑटो, टैम्पो व ई-रिक्शा के विरुद्ध चला चैकिंग अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। परिवहन विभाग द्वारा मोटरयान अधिनियम 1988 एवं सपतित केन्द्रीय नियमावली 1989 के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन में संचालित ऑटो, टैम्पो एवं ई-रिक्शा के विरुद्ध विभिन्न रूटों पर व्यापक चौकिंग अभियान संचालित कर 82 ऑटो, 20 टैम्पो व 25 ई रिक्शा एवं 22 अन्य सहित कुल 149 वाहनों के चालान किये गये व 44 वाहनों को बंद किया गया। बिना फिटनेस 69 वाहन, बिना टैक्स 76 वाहन, बिना परमिट 25 वाहन, ओवरलोडिंग में 8. बिना बीमा 68, बिना डीएल 48, बिना प्रदूषण 28 वाहनों, 01 नो पार्किंग में वाहन पार्क करने, 12 परमिट से भिन्न मार्ग पर संचालन करने, 02 अनधिकृत अल्ट्रेशन, 03 वाहन संचालन के दौरान मोबाईल पर बात करने के अभियान में चालान किये गये। इसके अतिरिक्त 14 अन्य अभियोगों में वाहनों के चालान किये गये। सभी प्रवर्तन अधिकारियों को निरन्तर ऑटो व अन्य थी व्हीलर वाहनों की सघन चौकिंग करने एवं नियमों के विपरीत संचालित वाहनों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। अभियान में परिवहन विभाग के 01 एआरटीओ, 05 परिवहन कर अधिकारी तथा बाईक स्क्वायड के उप निरीक्षक सम्मिलित थे।



# बचपन से दिये गये अच्छे संस्कार बनाते हैं संस्कारवान: शास्त्री

गदरपुर(उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 11वें दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि अपने बालक को अच्छे संस्कार ना देने वाले माता पिता उसके बैरी हैं, शक्ति और धर्म की शिक्षा ना देने वाले माता पिता उस बालक के शत्रु ही हैं, बालक का हृदय व मन बड़ा कोमल होता है, अतः उसे दिए गए संस्कार उसके मन में अच्छी तरह जम जाते हैं उसे बचपन से ही अच्छे संस्कार दोगे तो जीवन भर संस्कारी बना रहेगा। इस दौरान कथा श्रवण हेतु भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ थी। प्रसाद की सेवा श्री सनातन धर्म सभा के कोषाध्यक्ष लेखराज भुड्डी के परिवार द्वारा दी गई।





**उत्तरांचल दर्पण**
**सम्पादकीय** सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## शहरों में जलभराव की चुनौतियां

बरसात अब हर वर्ष कुछ नई चुनौतियां लेकर आने लगी है। इस बार अनेक शहरों में जल भराव की वजह से जिस तरह व्यवस्थाओं की पोल खुली, वह आने वाले वर्षों के लिए बड़ी चिंता का संकेत है। उत्तर प्रदेश की विधानसभा में पानी भर गया। दिल्ली में एक कोचिंग केंद्र के तलघर में इतनी तेजी से पानी भर गया कि तीन विद्यार्थी उसमें डूब कर मर गए। जलनिकासी की व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न इस वर्ष बरसात शुरू होने के साथ ही लगने शुरू हो गए। सबसे अधिक किरकिरी तो अयोध्या में बने नए मंदिर और दूसरी इमारतों को लेकर हुई। पहली ही बारिश में वहां की सड़कें धंस गई, शहर में जगह जगह पानी भर गया। मुंबई और पुणे में पिछले अन्य वर्षों की तुलना में इस वर्ष जलभराव से कुछ अधिक तबाही देखी जा रही है। ऐसा नहीं माना जा सकता कि नगर निकाय और दूसरे संबंधित महकमे जलभराव की समस्या और जल निकासी के रास्तों में आने वाली अड़चनों से अनजान हैं। मगर इस समस्या के समाधान को लेकर उनमें संजीदगी नजर नहीं आती। एक तथ्य तो उजागर है कि ज्यादातर शहरों में जल निकासी का प्रबंध काफी पुराना पड़ चुका है। उनकी न तो समय पर समुचित सफाई हो पाती है और न टूट-फूट की मरम्मत। इसके अलावा, जल निकासी के रास्तों के आसपास बिजली, टेलीफोन आदि के तारों या फिर पेयजल के पाइपों की मरम्मत के लिए खुदाई होती रहती है। सड़कों की मरम्मत के समय भी जल निकासी के रास्तों का ध्यान नहीं रखा जाता। इस तरह उन मार्गों में टूट-फूट होती रहती है, उनमें ठोस मलबा भरने से जल निकासी अवरूद्ध होती है। नतीजा, सामान्य से अधिक बारिश होते ही सड़कें और मुहल्ले जलमग्न हो जाते हैं। बरसात के पानी का संचय करने का प्रस्ताव पुराना है, मगर उस तरफ भी ध्यान नहीं दिया जाता। अगर जगह-जगह बरसाती पानी को जमीन के अंदर भेजने का प्रबंध कर दिया जाए, तो इससे जलभराव की समस्या तो कुछ कम होगी ही, भूजल का स्तर भी सुधरेगा। मगर जब नालों और नालियों की सफाई में गंभीरता नहीं दिखती, तो वर्षा जल संचय की योजनाओं को लेकर कितनी उम्मीद की जा सकती है।

# प्रत्येक जनपद में बनाए जायेंगे मॉडल पशु चिकित्सालय : सीएम

**सीएम ने पशुपालन और डेयरी विकास के क्षेत्र में जीएसडीपी में वृद्धि के लिए आवश्यक संसाधनों का पूरा एक्शन प्लान तैयार करने दिये निर्देश**



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में पशुपालन, डेयरी विकास, मत्स्य पालन और गन्ना विकास विभाग की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पशुपालन और डेयरी विकास के क्षेत्र में आगामी 03 वर्षों में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में योगदान 03 प्रतिशत से बढ़ाकर 05 प्रतिशत करने की दिशा में कार्य किये जाएं। इसके लिए उन्होंने स्थानीय उत्पादों को तेजी से बढ़ावा दिये जाने पर भी बल दिया। उन्होंने पशुपालन और डेयरी विकास के क्षेत्र में जीएसडीपी में वृद्धि के लिए आवश्यक संसाधनों का पूरा एक्शन प्लान तैयार कर प्रस्तुत करने और प्रत्येक जनपद में एक-एक मॉडल पशु चिकित्सालय बनाए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के साथ नवाचार की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किया जाए। जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों की आजीविका में वृद्धि हो और पलायन भी रुके। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोट वैली, कुक्कुट वैली और ब्रॉयलर फार्म की स्थापना राज्य में पशुपालकों की आय को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुई है। इन योजनाओं को और तेजी से बढ़ावा दिया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य में डेयरी विकास के लिए दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के साथ ही विभिन्न दुग्ध उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। दुग्ध उत्पादन से लाभकारी आय के लिए इनपुट प्रोडक्शन एवं डिलीवरी सिस्टम को सुदृढ़ बनाया जाए। एफ.पी.ओ के माध्यम से किसानों को उन्नत किस्म के चारा बीज उपलब्ध कराने, हरा एवं सूखा चारा उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करने और राज्य में अधिक से अधिक दुग्ध उत्पादक सेवा केन्द्र स्थापित किये जाने के भी निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पर्वतीय क्षेत्रों में ट्राउट फिश के उत्पादन को तेजी से बढ़ावा दिया जाए। इनकी बिक्री के लिए भी उचित प्रबंध किये जाएं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का मत्स्य पालकों को अधिक से अधिक लाभ मिले। मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना से भी अधिक से अधिक मत्स्य पालकों को जोड़ा जाए। गन्ना विकास विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि गन्ना मिलों को घाटे से उबारा जाय। गन्ना मिलों के आधुनिकीकरण, दक्षता और क्षमता में वृद्धि की दिशा में कार्य किये जाएं। राज्य में गन्ना बीज बदलाव, जीपीएस के माध्यम से गन्ना सर्वेक्षण का कार्य तथा जैविक गन्ना उत्पादन को बढ़ावा देने के लक्ष्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान समय पर हो। बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के सुधांशु, सचिव डॉ. बी.वी.आर. सी. पुरुषोत्तम, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव श्री विजय जोगदंडे, नियोजन विभाग से श्री मनोज पंत और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## लंदन में उत्तराखंड के लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी को मिला सम्मान

देहरादून। लंदन के हाउस ऑफ लॉड्स यानि कि संसद में ग्लोबल ब्रिलिएंस अवार्ड शो का आयोजन किया गया था। जहां 28 जुलाई को उन्हें डिस्टिंग्विश लीडरशिप इन इंडियन फोक सिंगिंग अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने ब्रिटिश संसद में अपना मशहूर गाना ठंडो रे ठंडो भी गाया। जिस पर वहां मौजूद सभी लोग जमकर झूमे।लंदन की संसद में नरेंद्र सिंह नेगी को सम्मान मिला है। उन्हें डिस्टिंग्विश लीडरशिप इन इंडियन फोक सिंगिंग अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। नरेंद्र सिंह नेगी अब तक 1500 से अधिक गाने गा चुके हैं। बता दें की उनका पहला गाना सन 1974 में रिकॉर्ड किया गया था। तब से नरेद्र सिंह नेगी के गाने




उत्तराखंड़ीयों की जुबान पर जो चढ़े तो उतरे ही नहीं। घस्यारी, हल्दी हाथ, नौछमी नारेणा, स्लयान सयाली, धारी देवी ये नरेंद्र सिंह नेगी के कुछ गाने हैं जो जनता द्वारा खूब पसंद किए गए। 12 अगस्त 1949 को उत्तराखंड के पौड़ी में जन्मे नरेंद्र सिंह नेगी ने उत्तराखंड की कुमाउंनी, गढ़वाली, जौनसारी सभी भाषाओं में गाने गाए हैं। नरेंद्र सिंह नेगी उत्तराखंड के गीत जगत का वो नाम है जिसने यहां की संस्कृति, यहां का इतिहास, और यहां की व्यथा सब अपने गानों में झोंक दी। नरेंद्र नेगी के गाने यहां की राजनीति से लेकर संस्कृति पर सीधा प्रभाव डालते हैं। गायन के क्षेत्र में नरेंद्र सिंह नेगी को गढ़रत्न, गढ़गौरव से लेकर सर्वश्रेष्ठ लोकगायक सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है।

# सहकारिता विभाग की योजनाओं को गेम चेंजर बनाये : सीएम



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में सहकारिता विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबे समय से संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए इस दिशा में सुधार हेतु प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि योजनाओं से लाभार्थियों को कितना फायदा हुआ और योजनाओं को और प्रभावी बनाने के लिए और क्या विशेष नवाचार किये जा सकते हैं, इस दिशा में नियोजन विभाग के सहयोग से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को गेम चेंजर बनाने की दिशा में कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारिता विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के तहत स्वयं सहायता समूहों को प्रदान किये जा रहे ऋण की धनराशि की सीमा में वृद्धि की आवश्यकता के दृष्टिगत प्रस्ताव लाया जाए। स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को बेहतर बाजार मिले, इसके लिए सप्लाई चेन को प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बंजर भूमि चिन्हित कर विभिन्न क्लस्टरों के माध्यम से उसे खेती योग्य बनाने के प्रयास किये जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक और पारम्परिक पद्धतियों के माध्यम से कृषि उत्पादन में वृद्धि की जाए। मुख्यमंत्री ने क्लस्टरों में मिलेट्स, सब्जियां, दालें, फल, औषधीय एवं सगंध पौधों, चारा फसलों और कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विभिन्न जनपदों में चयनित क्लस्टरों की संख्या में वृद्धि के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना के अंतर्गत मत्स्य पालन, मौन पालन, मशरूम उत्पादन के निर्धारित लक्ष्यों को बढ़ाया दिया जाए। विभिन्न परियोजनाओ में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की नई तकनीकी का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। इस दौरान सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार द्वारा 85 करोड रुपये की ब्याज प्रतिपूर्ति का बजटीय प्राविधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 1,90,000 सहकारी सदस्यों को 1300 करोड़ रूपये का ब्याज रहित ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के सुधांशु, विशेष प्रमुख सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, निबंधक सहकारिता श्री आलोक कुमार पाण्डेय एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जीएसटी ज्वाइंट कमिश्नर से मिले व्यापारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों के एक शिष्ट मंडल ने कर निर्धारण के पुराने मामले वन टाइम सेटल मेट की मांग को लेकर जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर रोहित श्रीवास्तव से मुलाकात कर उनसे व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करने का आग्रह किया। महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल और प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि विभागीय लापरवाही के चलते व्यापारियों के कर निर्धारण के मामले वर्षो से अधर में लटकने के कारण सेकडो व्यापारी परेशानी और तनाव का सामना कर रहे हे इसलिए व्यापारियों के दशकों पुराने कर निर्धारण के मामले वन टाइम सेटलमेंट कर व्यापारियों को राहत दी जाय। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को पूर्व की भांति नोटिस ई मेल की जगह मैनुअल भेजे जाय जिससे व्यापारी अपने विभागीय कार्य को आसानी से कर सके। व्यापारियों की सहूलियत के लिए टैक्स जमा करने की सुविधा गूगल पे से भी जाए। वित्त मंत्री द्वारा आगामी बजट में 17-18, 18-19, 19-20 में लेट फीस और ब्याज को माफ किया है। अत: उसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। व्यापारियों के लिए हेल्प डेस्क की सुविधा शहर के बीचो बीच लगाए जाए जिसके लिए जीएसटी विभाग को व्यापार मंडल स्थान उपलब्ध करवाएगा।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का राजस्व बढ़ाने हेतु शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नए रजिस्ट्रेशन हेतु कैंप अति शीघ्र लगाए जाए। प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल की मांग पर ज्वाइंट कमिश्नर द्वारा कहा गया कि व्यापारियों के पुराने कर निर्धारण के मामले वन टाइम सेटलमेट के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा और शीघ्र ही हल्द्वानी में भी एडिशनल कमिश्नर व्यापारियों के मामले सुनेंगे और उनका निस्तारण करेंगे। शिष्ट मंडल में नगर महामंत्री ऋषभ पाठक, जिला महामंत्री प्रज्ञान भारद्वाज, राजेन्द्र अग्रवाल मुन्ना, विनोद आनंद, दीपक माहेश्वरी, विजय शर्मा, गौरव अग्रवाल, चमन गुप्ता, ध्रुव साह, कुंदन रावत आदि थे।



## 10 लाख 50 हजार पौधों का होगा रोपण

बागेश्वर(उद संवाददाता)।वन विभाग द्वारा बीस सूत्रीय कार्यक्रम के तहत जिले को चालू वितीय वर्ष के लिए वृहद वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसमें जिले के रेखीय विभागों को भी शामिल किया गया है। जिले भर में 10 लाख,50 हजार पौध रोपित किए जाएंगे। बुधवार को जिलाधिकारी अनुराधा पाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अब तक विभागों द्वारा किए गए वृक्षारोपण का आंकड़ा भी प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण अभियान में शामिल सभी विभागों को आवंटित लक्ष्य को वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पूरा करते हुए कार्य प्रगति की रिपोर्ट वन विभाग को देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा जो पौध रोपित की जा रही है, उसकी देख-रेख भी समय-समय पर संबंधित विभाग करते रहें। जिला सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि वन विभाग के अलावा कृषि,उद्यान,शिक्षा ,पंचायतीराज, बाल विकास, रेशम, भेषज, खनन, सहित तीनों विकास खंड कार्यालय को करीब 8 लाख पौध रोपित करने का लक्ष्य आवंटित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए हरेला पर्व से ही वृक्षारोपण कार्यक्रम शुरू हो चुका है। विभागों को बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत भी पौध रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि पेड़ लगने से जहां पर्यावरण का सरक्षंण,संवर्धन होगा, वहीं भूमिगत जलस्रोत भी रिचार्ज होगें। उन्होंने सभी विभागों को तय समय के भीतर लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं एक अन्य बैठक में वन विभाग और राजस्व रिकार्ड में दर्ज वन भूमि को लेकर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व रिकार्ड में दर्ज वन भूमि का रिकार्ड की सूचना प्रभागीय वनाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सोन, एसडीओ सुनील कुमार, उद्यान अधिकारी आरके सिंह, खंड विकास अधिकारी आलोक भंडारी, अर्थ एवं संख्याधिकारी दिनेश रावत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# अब जीएसटी में बायोमीट्रिक आधार प्रमाणीकरण लागू होने से फर्जी रजिस्ट्रेशन पर लगेगी लगाम

## प्रदेश के 22 जीएसटी सुविधा केंद्र में उपस्थित रहेंगे अधिकारी : अग्रवाल



देहरादून। उत्तराखंड में अब जीएसटी में बायोमीट्रिक आधार प्रमाणीकरण लागू होने से फर्जी पंजीकरण और टैक्स चोरी रुकेगी। इस नई व्यवस्था से राज्य में 100 से 150 करोड़ तक टैक्स चोरी रुकने का अनुमान है। इसे लागू करने में उत्तराखंड देश में चौथे और उत्तर भारत में पहला राज्य है। बुधवार को वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने इसकी शुरुआत की। लक्ष्मी रोड स्थित राज्यकर कार्यालय भवन में वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी परिषद की बैठक में चरणबद्ध रूप से अखिल भारतीय स्तर पर पंजीकरण आवेदकों के लिए बायोमीट्रिक आधारित प्रमाणीकरण को लागू करने की सिफारिश की गई थी। उत्तराखंड में भी इस व्यवस्था को शुरू किया गया। इससे पहले गुजरात, पांडुचेरी, आंध्रप्रदेश में इस व्यवस्था को लागू किया है। जीएसटी पंजीकरण के लिए आने वाले आवेदनों को उच्च जोखिम मानकों व डाटा विश्लेषण के आधार पर पोर्टल पर चिन्हित किया जाएगा। दस्तावेजों का सत्यापन व बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण विभाग की ओर से स्थापित जीएसटी सुविधा केंद्र से कराया जाएगा। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि उत्तराखंड में बायोमीट्रिक आधारित आधार प्रमाणीकरण को लागू करने से राज्य कर विभाग के प्रत्येक कार्यालय भवन में जीएसटी सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। जिसके माध्यम से दस्तावेजों का सत्यापन व बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। पूरे प्रदेश में 22 जीएसटी सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं। कुछ असामाजिक तत्वों की ओर से जीएसटी में फर्जी पंजीकरण कर जाली बिलों के माध्यम से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लिया जा रहा था। जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। मंत्री ने बताया कि गुजरात राज्य में बायोमीट्रिक आधारित आधार प्रमाणीकरण व्यवस्था लागू होने के बाद से पंजीकरण आवेदन में 55 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। जो फर्जी पंजीकरण रोकने की पुष्टि करता है। मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि 22 राज्य कर अधिकारी, 58 कर्मचारी प्रदेश के 22 जीएसटी सुविधा केंद्र में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि देहरादून, हरिद्वार, रुद्रपुर और हल्द्वानी में पांच-पांच सेंटर होंगे। मंत्री डॉक्टर प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि राज्य कर में चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले कुछ तथाकथित लोग अभी तक टेंपो, रिक्शा, ठेली, फड़ वाले आदि लोगों से उनके आधार नंबर व अन्य जानकारी के जरिए फर्जी तरीके से राज्य कर में चोरी करते थे। उन्होंने बताया कि बायोमीट्रिक पंजीकरण के बाद से ऐसी घटनाओं पर पूरी तरह से अंकुश लग जाएगा। जिससे प्रदेश को स्वच्छ राज्य कर की प्राप्ति हो सकेगी।

# ओल्ड जीआईसी हॉस्टिल का बेहतर प्रबंधन करने के निर्देश

नैनीताल(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बुधवार को नैनीताल कार्यालय सभागार में ओल्ड जीआईसी हॉस्टल के संबंध में समाज कल्याण विभाग, आर. डब्ल्यू. डी. और कार्यदाई संस्था मंडी अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया। जिसमें वर्नन कॉटेज, तल्लीताल नैनीताल में ओल्ड जीआईसी हॉस्टिल में प्रस्तावित राजकीय वृद्धाश्रम को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि वर्नन कॉटेज, तल्लीताल नैनीताल में ओल्ड जीआईसी हॉस्टिल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में स्थित है। जो राजकीय सम्पति है। जिस पर उक्त भवन में समाज कल्याण विभाग द्वारा राजकीय वृद्धाश्रम (आवसीय) भवन खोले जाने हेतु अनुरक्षण की डीपीआर मंडी परिषद एवं ग्रामीण विभाग से भवन की स्थिति जाचने के निर्देश दिए थे। जिला समाज कल्याण समाज अधिकारी दींपाकर घिल्डियाल ने बताया कि ओल्ड भवन में करीब 16 कमरे हैं। वृद्धाआश्रम बनने से असहाय, निर्आश्रित लोगों को मदद दी जाएगी।जिलाधिकारी ने ओल्ड भवन की बाहरी दीवारें जो सुरक्षा की दृष्टि से सही हैं या जिनमें किसी प्रकार का कार्य करने की आवश्यकता नहीं है, ऐसी दीवारों किसी प्रकार का कार्य नहीं करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा आंतरिक दीवारों और खिड़की, दरवाजों को नए सिरे से बनाया जाएगा। कहा कि वृद्धाश्रम (आवसीय)में बेहतर सड़क, रैम्प,रैलिंग,स्वास्थ्य सुविधा, संचालक कक्ष बेहतर ठंग से बनाने के निर्देश दिए। जिसके लिए उन्होंने कार्यदाही संस्था को प्लान के तहत कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान समाज कल्याण ने बताया कि आई.टी.आई मालधन चौड़ रामनगर में पीजी कालेज के भवन जो वर्तमान में खाली पड़ा है। जिसमें करीब 25 बिस्तर वाला वृद्धाआश्रम प्रस्तावित है। जिस पर जिलाधिकारी ने स्थल चयन समिति गठित करने के निर्देश दिए। बैठक जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल, आरडब्ल्यूडी के के जोशी, मंडी परियोजना सलाहकार सुनीता शाह आदि मौजूद रहे।

# पाखड़ और नीम के पेड़ों को रिलोकेंट करने की प्रक्रिया शुरू

हल्द्वानी। बीते कई दिनों से हल्द्वानी में प्रशासन और पीडब्ल्यूडी के द्वारा 13 चौराहों में रोड चौड़ीकरण करने के दौरान बड़ी संख्या में चौड़ीकरण की जद में आ रहे बड़े और सालों पुराने पेड़ो को काटने के कारण पर्यावरण प्रेमी और स्थानीय जनता की जन भावनाओं के अनुरूप प्रशासन ने 40 चिन्हित बड़े और पुराने, पाखड़ और नीम के पेड़ों को रिलोकेट करने की प्रक्रिया शुरू की है। हल्द्वानी की जनता के लिए खुशी की बात ये है कि प्रशासन और पीडब्ल्यूडी की ये कोशिश सफल हुई है, जिसमे हल्द्वानी से कुछ दूर हल्दूचौड़ में बन रही गौशाला की जमीन में बीते दिनों हल्द्वानी के काठगोदाम के नरीमन चौराहे के समीप तेज आंधी के चलते टूट कर निर्जीव हो चुका सालों पुराने जिस पेड़ को पीडब्ल्यूडी और प्रशासन के प्रयास से ट्रांसप्लांट किया गया था। वो निर्जीव पेड़ फिर से पुनर्जीवित हो चुका है, जिसमे हरी पत्तियां भी निकलना भी शुरू हो गयी हैं, जिसको लेकर प्रशासन और पीडब्ल्यूडी की पेड़ो के पुनर्जीवित होने की उम्मीद और भी पक्की हुई है, वही सिटी मजिस्ट्रेट ।च बाजपेई ने आने वाले समय पेड़ो ट्रांसप्लांट करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि, चिन्हित किये गए 40 पेड़ो को जो रोड चौड़ीकरण की जद में आने के कारण हटाए जा रहे है उन्हे ट्रांसप्लांट के जरिये नया जीवन दिया जा सकेगा जो हम सब के लिए एक सुखद अनुभव है ।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने रोपे पौधे

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा हल्द्वानी के कार्यकर्ताओं ने धार्मिक स्थलों में पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सभी लोगों से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आगे आने का आहवान भी किया। एक पेड़ मां के नाम मुहिम के अन्तर्गत कार्यकर्ताओं ने बरेली रोड स्थित कब्रिस्तान में पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन रहे। उपाध्यक्ष जहीर अंसारी और कोषाध्यक्ष इसरार हुसैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इंतजार हुसैन ने कहा कि उत्तराखण्ड के लोकपर्व हरियाली के प्रतीत हरेला से प्रारंभ हुआ पौधारोपण कार्यक्रम 19 अगस्त तक चलेगा। मोर्चा के कार्यकर्ता पौधे लगाने के साथ ही उनके संरक्षण का ाीी संकल्प ले रहे हैं। उन्होने कहा कि पेड़ों का महत्व समझना होगा। सांस लेने के लिए ऑक्सीजन पेड़ों से ही मिलता है। कोषाध्यक्ष इसरार हुसैन ने कहा कि प्रधनमंत्राी नरेन्द्र मोदी की अपील एक आंदोलन बन गई है। इस मौके पर महमूद हसन बंजारा, जिला अध्यक्ष अली नकवी, महबूब अली, जियाउद्दीन कुरैशी, अजगर अली, मो. नाजिम, मो. साजिद, पफईम, इसरार अंसारी आदि थे। इध, कालाढूंगी में भी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। यहां पर जिला अध्यक्ष अली नकवी, दीवान सिंह बिष्ट, गोपाल बुधलाकोटी, कालाढूंगी सरकारी अस्पताल प्रभारी अमित मिश्रा, तस्लीम कुरेशी, शाकिर हुसैन, इनायत अली खान, शहजाद हुसैन, नदीम सलमानी, वकील अहमद, जुनैद कुरैशी मौजूद थे।

# पत्रकार भट्ट के पिता के निधन पर शोक व्यक्त



केलाखेड़ा (उद संवाददाता)। नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे उत्तराखंड) के प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोक चंद्र भट्ट के पिता रेवाधार भट्ट के निधन पर एनयूजे कार्यालय में जिला कार्यकरिणी की शोक सभा हुई जिसमें प्रभु से दिवंगत की आत्मा को बैकुंठ में स्थान देने के लिए और दुख की इस घड़ी में परिवारजनों को सहनशक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डी एल शर्मा, जिला महामंत्री सुरजीत बत्रा, जिला सचिव जसपाल डोगरा, केलाखेड़ा नगर अध्यक्ष अजय कालरा, जितेन्द्र गुप्ता, शहादत अली फौजी,संपादक प्रकाश अधिकारी, सुभम गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

# स्वास्थ्य विभाग टीम ने मारा छापा

बाजपुर। स्वास्थ्य और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को रामपुर रोड स्थित श्री कृष्ण कुमार अस्पताल में छापा मारा। इस दौरान अस्पताल में मौके पर डाक्टर नहीं मिलने सहित अन्य अनियमितताएं मिली। टीम ने अस्पताल संचालक को मिली कमियों को एक सप्ताह में दूर करने के निर्देश दिए। बुधवार को सीएमएस डॉ. पीडी गुप्ता, राजस्व निरीक्षक सुनीति पाल ने कृष्ण कुमार अस्पताल में छापा मारा। निरीक्षण के दौरान जिस चिकित्सक के नाम पर पंजीकरण है वह डाक्टर मौके पर नहीं मिले। इस दौरान जांच टीम और अस्पताल संचालक के बीच बहस भी हुई। सीएमएस ने बताया कि अस्पताल में मिली कमियों को दूर करने के लिए संचालक को एक सप्ताह का समय दिया गया है। समयावधि में कमियों को दूर नहीं किए जाने पर अस्पताल सीज करने की कार्रवाई की जाएगी।

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम संजीव कुमार झाम (SANJEEV KUMAR JHAAM) था अब मैंने अपना नाम बदलकर संजीव झाम (SANJEEV JHAM) रख लिया है, भविष्य में मुझे मेरे नये नाम संजीव झाम (SANJEEV JHAM) से ही सम्बोधित किया जाये।

संजीव झाम पुत्र श्री हरनाम दास, निवासी वार्ड नं.-9, ग्रेन मार्केट, गदरपुर, जिला- उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

## सूचना नाम परिवर्तन

मैं Ramu s/o ishvari Rana निवासी-ग्राम सिद्धा नवदिया नानकमत्ता जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड 262311, मैंने सभी उद्देश्य के लिए अपना नाम बदलकर Ramnivas rana रख लिया है, भविष्य में मुझे नए नाम Ramnivas rana के नाम से जाना जाए।

# राइस मिलर्स का करोड़ों का भुगतान अटका, कोश्यारी से मिले

सितारगंज(उद संवाददाता)।राइस मिलर्स ने पंजाब हरियाणा की तर्ज पर धान खरीद की व्यवस्था सुचारु करने के लिए खाद्य मंत्री रेखा आर्य और पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात की। इस दौरान प्रमुख सचिव को मांग पत्र भी सौंपा गया। राज्य के राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष पीडी अग्रवाल, महामंत्री नरेश कंसल, रमेश गर्ग, उमेश अग्रवाल ने देहरादून पहुंचकर रसद विभाग के प्रमुख सचिव को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने धान खरीद के लिए जो पॉलिसी बनाई थी। उससे राइस मिलर्स को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी धान खरीद के बाद जो चावल सरकार को दिया जा रहा है। उसका भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है। जबकि धान खरीद के दौरान किसानों को 48 घंटे के भीतर ही राइस मिलर्स द्वारा भुगतान करने की नीति है। उन्होंने बताया की चावल के 80 करोड़ के बिल तीन वर्षो से लंबित पड़े है। धान के बिलों का करीब 150 करोड़ रूपया पेडिंग है। उन्होंने समस्या के समाधान के लिए राज्य खाद्य मंत्री रेखा आर्य और पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी से शिष्टाचार मुलाकात कर अवगत कराया।



## पेज एक का शेष...

**आपदा पीड़ितो को ...**बादल फटने के बाद नुकसान को लेकर रात को ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जखन्याली ग्राम पंचायत की प्रधान के पति दीपक श्रीयाल से मोबाइल पर बात की। घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने गहरा दुख व्यक्त किया। ग्रामीणों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। ग्राम प्रधान के पति दीपक ने मुख्यमंत्री को बताया कि यहां पर बादल फटने की पुनरावृत्ति हुई है। 2014 में भी बादल फटने से काफी नुकसान हुआ था और इस बार भी फिर वही स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने नौताड़ तोक में निवासरत सभी 14 परिवारों का पुनर्वास करने की गुहार लगाई है। उधर देहरादून में बुधवार रात रायपुर क्षेत्र में ऑर्डनेंस फैक्ट्री व शराब ठेके के मध्य सड़क किनारे नहर में दो व्यक्तियों के डूबने की सूचना मिली थी। जिस पर एसडीआरएफ व पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। गुरुवार सुबह पुलिस टीम को आर्डिनेंस फैक्ट्री परिसर में नहर से व्यक्ति का शव बरामद हुआ, जिसकी शिनाख्त अर्जुन सिंह राणा उम्र करीब 52 वर्ष निवासी तुनवाला, रायपुर के रूप में हुई। मृतक आर्मी से आनरेरी कैप्टन के पद से रिटायर हुए थे तथा वर्तमान में डील में नौकरी करते थे। रात में अपनी शिफ्ट पूरी कर वापस जा रहे थे। मौके पर पुलिस टीम को एक स्कूटी भी मिली है। वहीं पुलिस को नहर से एक और व्यक्ति का शव बरामद हुआ, जिसके पास से सुंदर सिंह नाम लिखा हुआ एसबीआई बैंक का एक एटीएम कार्ड मिला है। वहीं चमोली जिले में विकासखंड गैरसैंण के रोहिडा में अतिवृष्टि से ध्वस्त हुए मकान में दबने से गर्भवती महिला की मौत हो गई। गुरूवार को सीएम ने टिहरी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने आपदा प्रभावितों से बात की और हरसंभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। सीएम ने राज्य आपदा प्रबंधन केंद्र, देहरादून पहुंचकर प्रदेश में अतिवृष्टि से हुए नुकसान के संबंध में जानकारी प्राप्त की और सभी जिलाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहते हुए जनसुरक्षा को ध्यान में रखकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। सीएम ने कहा सभी अधिकारी ध्यान रखें कि संवेदनशील क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराने, राहत-बचाव कार्यों, सुरक्षा की दृष्टि से पुनर्निर्माण व पुनर्वास के लिए जो भी धन की आवश्यकता पड़ेगी उसे शासन द्वारा अविलंब स्वीकृति दी जाएगी। प्रदेशवासियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए हर सम्भव कार्य किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को स्थानीय स्तर पर समन्वय बनाने के साथ ही किसी भी आपदा की सूचना पर बिना कोई कोताही बरते जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**लापता बालक का ..**टीम का गठन करके बालक हमजा बेग को जल्द से जल्द ढूंढा जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, मीना शर्मा, सी पी शर्मा, मोहन खेड़ा, अनिल शर्मा, सौरभ चिलाना, परवेज कुरेशी, बाबू अहमद मंसूरी, साजिया, शबनम, तबस्सुम, रईसा बेगम, शब्बू बेग, अर्थव बेग, विक्की रजा, रिहान जाहिद हुसैन, बाबू खान, रईस अहमद, अज्जू खान, अजय कुमार, तौफीक, राजन, अफरोज, चांदनी, नाजमा, सिमरन, शिवा, शबुनार, फिरोज जहां, कमर जहां, कलीम, आफताब, भूरा, फारुख व नईम आदि मौजूद थे।

**विधायक के करीबी..** में आए है,क्यों ना आपके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। जिस पर किरन विर्क के माथे पर पसीने छूट गए और वह वहां मौजूद भाजपाईयों के चेहरे ताकते नजर आये। एसएसपी का सख्त रवैय्या देखते हुये तुरन्त किरन विर्क ने अपनी गलती स्वीकार करते हुये भविष्य में इस प्रकार की गलती न होने की बात कहते हुये माफी मांगी। लेकिन एसएसपी मौखिक माफी से नही माने और उन्होंने अधीनस्थ अधिकारी को बुलाकर किरन विर्क से लिखित रूप में माफीनामा लिखवाया। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा,वरिष्ठ भाजपा नेता वेद ठुकराल, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री उत्तम दत्ता आदि वरिष्ठ भाजपाई भी मौजूद थे।

**संदिग्ध हालातों..**से फांसी लगाई हुई थी। पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला होने का संदेह व्यक्त किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी आ गये और उनमें कोहराम मच गया।

**केदारनाथ में फंसे..**भीमबली के बीच लिंचोली के पास बादल फटने से मंदाकिनी नदी का जलस्तर खतरे के निशाने से ऊपर पहुंच गया है। सुरक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन ने देर रात गौरीकुंड और सोनप्रयाग बाजार को खाली करवा दिया। तप्तकुंड और केदारनाथ पैदल मार्ग को करीब 30 मीटर हिस्सा बह गया है। एहतियात के तौर पर 200 लोगों को जीएमवीएन के गेस्ट हाउस और पुलिस चौकी में ठहराया गया है।गौरीकुंड से सोनप्रयाग के बीच चट्टान रास्ते पर गिरने की भी सूचना है।

**हादसे में बाइक...**बाइक में सवार होकर हल्द्वानी से रुद्रपुर की ओर जा रहा था। जब रामपुर रोड में रामपुर रोड में दैनिक जागरण कार्यालय के पास पहुंचा तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक में सवार सूरज और उसका साथी घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए एसटीएच लाया गया जहां डाक्टरों ने सूरज को मृत घोषित कर दिया जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# वीरेंद्र ने की थी दिनेश की हत्या

## एसएसपी ने किया हत्याकांड का खुलासा: महिला परिजन से अवैध संबंध होने के संदेह में हुई थी दोनों की हाथापाई



खटीमा। खटीमा में बिरिया मझोला गांव (मझोला-2) में सोमवार रात दिनेश की हत्या उसके बचपन के ही दोस्त ने की थी। दिनेश ने उससे अपनी महिला परिजन से दूर रहने को कहा था। जिससे बौखलाए दोस्त ने पहले दिनेश के सिर पर ईट से वार किया। दिनेश के बेहोश होने पर घर से 12 बोर का तमंचा लाकर उसके मजिससे दिनेश की मौत हो गई। बुधवार को खटीमा कोतवाली में हत्याकांड का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने पत्रकारों को बताया कि मंगलवार सुबह बिरिया मझोला (मझोला-2) गांव में एक युवक की हत्या की सूचना मिली थी। हत्याकांड के खुलासे के लिए एसओजी, सर्विलांस व फोरेंसिक टीम की मदद ली गई थी। मृतक दिनेश चंद के चचेरे भाई जयचंद की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। एसएसपी ने बताया कि घटनास्थल पर मिली टोपी के आधार पर हत्यारोपी बिरिया मझोला निवासी विरेंद्र सिंह परिहार की शिनाख्त हुई। बरामद टोपी हत्यारोपी विरेंद्र की थी। उन्होंने बताया कि दिनेश और विरेंद्र बचपन के दोस्त थे। दिनेश कुछ दिन पहले हिसार से लौटकर गांव आया था। सोमवार की रात दोनों ने बिरिया मझोला में एक साथ बैठकर शराब पी। इसके बाद दिनेश ने विरेंद्र पर उसकी एक महिला परिजन से अवैध संबंध होने का संदेह जताते हुए दूर रहने को कहा। जिस पर दोनों में हाथापाई हो गई। विरेंद्र ने दिनेश के गले में नाखुन गड़ाने के बाद सिर पर ईट से वार कर दिया। जिससे दिनेश बेहोश हो गया। इसके बाद विरेंद्र अपने घर गया और वहां से वन्यजीवों को भगाने के लिए इस्तेमाल होने वाले 12 बोर का पोनिया की तरह दिखने वाला तमंचा लेकर आया। उसने बेहोश दिनेश के सीने में सटाकर गोली मार दी। इसके बाद उसने शव को छिपाने का प्रयास किया, लेकिन नशे की हालत में होने के कारण ऐसा नहीं कर सका। हत्या में इस्तेमाल तमंचे व ईट को बरामद कर लिया है। एसएसपी ने बताया कि हत्यारोपी विरेंद्र को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है।

# बेटी को विदेश ले जाकर बेचने की कोशिश का आरोप

पंतनगर। मेट्रोपोलिस सिटी निवासी एक व्यक्ति ने पत्नी के दोस्त पर उनकी नाबालिग बेटी को विदेश ले जाकर बेचने की कोशिश का आरोप लगाया है। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। मेट्रोपोलिस सिटी निवासी योगेश सिंह पंवार ने एसएसपी को दिए प्रार्थनापत्र में कहा कि उनकी शादी 16 साल पहले करनाल निवासी से हुई थी। पत्नी सिडकुल की एक कंपनी में एचआर मैनेजर थी। उनका एक पुत्र और एक पुत्री है। आरोप लगाया कि शादी के कुछ दिनों बाद ही पत्नी के व्यवहार में परिवर्तन आ गया था। सात मार्च को वह कंपनी का काम बताकर पुणे गई थी। आरोप लगाया कि वह अपने दोस्त प्रवीण शर्मा से मिलने गई थी। 11 मार्च को पत्नी से फोन पर उनकी कहासुनी हो गई थी। पत्नी ने उनके साथ रहने से मना करते हुए उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी दी थी। आठ अप्रैल को पत्नी उनकी बेटी को स्कूल से लेकर अपने मायके करनाल चली गई। यह भी आरोप लगाया कि वह अपने साथ 25 लाख के गहने, कपड़े, महंगी घड़ियां और कार सहित डेढ़ लाख रुपये भी ले गई है।

# धमकी के आरोप में दबंग नामजद

काशीपुर। गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी को नामजद किया है। घटना के बारे में पुलिस को शिकायती पत्र देकर मोहल्ला अल्ली खां निवासी शादाब पुत्र खुर्शीद ने बताया कि बीते 18 जुलाई को अदनान पुत्र शमीम नामक शख्स द्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने घटना के लगभग डेढ़ सप्ताह बाद तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

# पुलिस कर्मियों पर मारपीट व रुपए छीनने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि सिसईखेड़ा तिराहा पर ड्यूटी के दौरान एक व्यक्ति से मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एस एस पी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया गया है। जिसमें ग्राम सिसईखेडा थाना नानकमत्ता निवासी पलविंदर सिंह पुत्र गुरदीप सिंह ने कहा है कि 28 जुलाई की रात्रि वह अपने सेताउ के घर से अपने घर की ओर जा रहा था। मार्ग में सिसईखेडा तिराहे पर डियूटी कर रहे सिवाहियों ने उसे रोककर बिना किसी बात के बुरी तरह से पीट दिया गया। जिससे उसकी आँखो तथा कनपटी पर गंभीर चोटें आईं। आरोप है पुलिस कर्मियों ने उसका मोबाइल तोड़ दिया और 500 रुपए भी छीन लिए। इसके बाद उपरोक्त पुलिस कर्मियों द्वारा उसे जबरन पकड कर नानकमत्ता लाये और बुरी तरह से मारा पीटा और कहा यदि यह बात कहीं बतायी या कोई कार्यवाही की तो तुझे स्मैक बेचने के आरोप में जेल भेज देंगे।



# बैग में महिला का शव मिलने से सनसनी

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हलद्वानी रोड पर बेनी मजार के पास बेनी नदी में बंद बैग महिला का शव मिलने से नगर में सनसनी फैल गई सूचना पर मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को बाहर निकाल कर शिनाख्त करने का प्रयास किया किंतु शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मौके पर फोरेंसिक टीम के अलावा डॉग स्क्वायड टीम ने पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। अज्ञात हत्यारों ने महिला की हत्या कर शव को बैग में ठूंसकर बैग को रस्सी से बांध कर हल्द्वानी रोड स्थित बेनी मजार के पास नदी के किनारे फैंक दिया। सूचना पर आई पीएस निहारिका तोमर प्रभारी सी ओ,कोतवाल सुंदरम शर्मा एस एस आई लोकश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पहुचे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया परन्तु सफलता नहीं मिली है।



इसका एक कारण यह भी है कि शव पूरी तरह सड गल गया है।पुलिस ने मामले की जानकारी आला अधिकारियों दी है जिस पर अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके, निहारिका तोमर, एसपी सिटी मनोज कुमार कात्याल मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के अलावा डॉग स्क्वायड टीम को बुलाकर आस पास के क्षेत्र की जॉच पड़ताल भी की। डॉग स्क्वायड भी ज्यादा छानबीन नही कर पाया। हत्यारों ने बेरहमी के साथ महिला की हत्या कर शव को बैंग में ठूंसकर भरकर बैग को रस्सी से बांध कर नदी किनारे फेंक दिया लोगों की नजर पड़ने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। शव बुरी तरह गल सड़ गया है जिससे शिनाख्त नहीं हो पा रही है। शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। कोतवाल सुंदरम शर्मा का कहना है कि प्रथम दृष्टा महिला की हत्या कर शव को यहां लाकर फेंका गया है। पुलिस ने मुखबिर तंत्र को अलर्ट कर दिया है साथ ही पुलिस टीम एवं फोरेंसिक टीम के अलावा डॉग स्क्वायड टीम ने जांच शुरू कर दी है। कोतवाल का कहना है कि पुलिस हर हालत में मामले का खुलासा कर दम लेगी तथा हत्यारों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# सोशल मीडिया की सूचना पर सफल हो रहा सफाई अभियान

## शहर की सड़कें चमचमाने में जुटी सफाई कर्मियों की टीमें




सितारगंज(उद संवाददाता)। शहर में सफाई अभियान तूफानी गति से चल रहा है। नगर पालिका प्रशासन को सोशल मीडिया पर आमजन सड़क, नाली, गलियों में कूड़ा, करकट की सूचना दे रहा है। जिसके बाद ईओ नौशाद हसीन की निगरानी में सफाई कर्मी गंदगी को तुरंत साफ कर अपडेट दे रहे है। जिसकी हर तरफ प्रशंसा हो रही है। नगर पालिका क्षेत्र का अधिभार इस वक्त प्रशासक यानि एसडीएम के हाथों में है। नया बोर्ड गठन होने तक नगर पालिका के समस्त वार्डों में सफाई व्यवस्था कीटनाशक आदि के कार्यों में सीधे तौर पर राजनेतिक हस्तक्षेप नहीं है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नौशाद हसीन ने सितारगंज शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर लंबे समय से विशेष अभियान चला रखा है। जिस अभियान का असर सफाई व्यवस्था को लेकर आमजन को दिखने लगा है। उन्होंने शहरी क्षेत्र के 13 वार्डों में सड़क नाली और कूड़ा करकट की समस्या के लिए आमजन को सोशल मीडिया से भी जोड़ रखा है। सोशल मीडिया ग्रुप में जुड़े लोग अपने क्षेत्र में रोजाना होने वाली गंदगी आदि से जुड़ी समस्या साझा करते हैं। इसके बाद नगर पालिका की सफाई कर्मियों वाली टीम एक्टिव होकर सूचना वाले क्षेत्र में तत्काल सफाई कर अपडेट दे रहे हैं। उनकी इस पहल का आमजन सकारात्मक टिप्पणियों से स्वागत भी कर रहा है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नौशाद हसीन ने बताया कि शहरी क्षेत्र के 13 वार्डों में लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सफाई के तुरंत बाद ही समस्त वार्डों में कीटनाशक दवाइयां का भी छिड़काव किया जा रहा है।

# शहीद उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि

गदरपुर(उद संवाददाता)। कंबोज धर्मशाला में शहीद सरदार उधम सिंह के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने शहीद उधम सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि शहीद सरदार उधम सिंह एक सच्चे देश प्रेमी थे जिन्होंने देश की सीमा से बाहर जाकर अपने भारतवासियों के साथ जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार का बदला लिया जो युवा पीढ़ी को सदैव प्रेरित करता रहेगा और देशभक्तों के लिए एक आदर्श बना रहेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष के साथ मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,परमजीत सिंह पम्मा,गुरूत्याल सिंह, कपिल कुमार,संदीप कंबोज,त्रिलोक कंबोज,जीत कंबोज,कुनाल रस्तोगी,आकाश कंबोज,विकास कंबोज,सुनील शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




